ओ३म्

भारत की विरासत संस्था

A
Reaccredited by NAAC-UGC

कन्या महाविद्यालय

COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE
Status conferred by UGC

(स्वायत्तशासी)
जालन्धर शहर।

कॉलेज विद पोटेंशियल फ़ॉर एक्सीलेंस बाय यू जी सी
रीएक्रेडिटेड ए ग्रेड बाय नैक, यू जी सी (साइकल II)
स्टार कालेज स्टेटस बाय डी.बी.टी. (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया)
फिस्ट (फेज II) सपोर्टेड कॉलेज बाय डीएसटी
क्यूरी ग्रांट अवार्डी बाय डीएसटी
टॉप नेशनल रैंकिंग्ज़
(इंडिया टुडे, आउटलुक मैगज़ीन एंड टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप)
केएमवी - रीजन'स बेस्ट कॉलेज (दि ट्रिब्यून)



वार्षिक विवरण

2023-24

Scanned with OKEN Scanner

ओ३म्

भारत की विरासत संस्था

A
Reaccredited by NAAC-UGC

COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE
Status conferred by UGC

कन्या महाविद्यालय (स्वायत्तशासी)

जालन्धर शहर

कॉलेज विद पोटेंशियल फ़ॉर एक्सीलेंस बाय यू जी सी
रिएक्रेडिटिड ए ग्रेड बाय नैक, यू जी सी (साइकल II)
स्टार कालेज स्टेटस बाय डी.बी.टी. (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया)
फिस्ट (फेज II) सपोर्टेड कॉलेज बाय डीएसटी
क्यूरी ग्रांट अवार्डी बाय डीएसटी
टॉप नेशनल रैंकिंग्ज़
(इंडिया टुडे, आउटलुक मैगज़ीन एंड टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप)
केएमवी - रीजन'स बेस्ट कॉलेज (दि ट्रिब्यून)

कन्या महा विद्यालय (स्वायत्त) जालन्धर
असतो मा सद् गमय
स्था. 1886

वार्षिक विवरण

सत्र 2023-2024

Scanned with OKEN Scanner

के.एम.वी. में माननीय राज्यपाल पंजाब, श्री बनवारीलाल पुरोहित ने उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के दौरान दौरा किया



भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महाविद्यालय, जालंधर में आयोजित हुए उधमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के दौरान माननीय राज्यपाल पंजाब, श्री बनवारी लाल पुरोहित ने विशेष रूप से शिरकत की। स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से आयोजित इस यादगार कार्यक्रम ने उभरते उद्यमियों की आकांक्षाओं को पहचानते हुए इनोवेशन तथा एंटरप्रेन्योरशिप को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना से हुआ। इस अवसर पर श्री चंद्र मोहन (प्रधान आर्य शिक्षा मंडल) तथा केएमवी मैनेजिंग कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ सुषमा चावला, जनरल सेक्टरी आलोक सोंधी, सदस्य डॉक्टर सतपाल गुप्ता, डॉक्टर कमल गुप्ता, डॉ दीपाली लूथर, श्रीमती नीतू कपूर के अलावा स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय को-कन्वीनर श्री अश्विनी महाजन प्रांतिक को-कन्वीनर श्री पंकज जिंदल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ शास्त्री सिद्धार्थ एवं श्री गौतम कपूर भी उपस्थित हुए। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि के.एम.वी. उत्तर भारत की अग्रणी संस्था है जो महिला सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने के.एम.वी. की सराहनीय उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला जिनमें भारत सरकार द्वारा ऑटोनॉमस स्टेटस और विरासत संस्था का दर्जा, डी.बी.टी. द्वारा स्टार कॉलेज का दर्जा, डी.एस.टी., भारत सरकार द्वारा क्यूरी ग्रैंड, नेक द्वारा ए ग्रेड, कॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस के दर्जे के साथ-साथ इंडिया टुडे, आउटलुक, टाइम्स ऑफ इंडिया पत्रिकाओं द्वारा भारत के टॉप कॉलेजों में से एक घोषित किया गया। अपने संबोधन के दौरान श्री चंद्रमोहन, प्रधान,आर्य शिक्षा मंडल ने माननीय राज्यपाल का स्वागत किया और ज़ोर देकर कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों और नीति निर्माताओं को के.एम.वी. जैसे शैक्षिक परिदृश्य में परिवर्तनकारी समय की मांग को ध्यान में रखते हुए बदलाव लाकर समाज में विभिन्न चुनौतियों का मुकाबला करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेला शिक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में तीन शताब्दियों की साक्षी संस्था के द्वारा जहां छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाता है वहीं साथ ही उनमें देश के प्रति प्रेम एवं राष्ट्र निर्माण की भावनाएं पैदा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। माननीय राज्यपाल पंजाब श्री बनवारी लाल पुरोहित ने इस अवसर पर संबोधित होते हुए पंजाब में आर्थिक विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने और रोज़गार के अवसर पैदा करने में उद्यमिता द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं के बीच आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता की भावना की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए जाते महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए के.एम.वी. तथा इसके गौरवशाली इतिहास की सराहना करते हुए छात्राओं को अपनी उच्च शिक्षा के लिए कन्या महा विद्यालय को चुनने पर भी मुबारकबाद दी। इसके साथ ही उन्होंने युवा उद्यमियों को उनके उद्यमों को मान्यता एवं प्रेरणादायक शब्दों के साथ सम्मान चिह्न देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में शुभनीत कौर, सुश्री सिमरन सूरी, सुश्री निशु रानी, सुश्री मेहर वृष्टि, सुश्री नाम्या अरोड़ा और श्री निखिल मिगलानी को युवा उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सुश्री नेहा वड़ेच, श्री रनतेज, श्री बौरी और श्री राजन चोपड़ा को उत्कृष्ट उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया जबकि श्री गौतम कपूर को उद्यमिता में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस प्रोग्राम के दौरान कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा तैयार की जा रही विभिन्न वस्तुओं के लिए के.एम.वी. शॉपिंग प्लाज़ा वेबसाइट भी लांच की गई. इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने के.एम.वी. के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों पर जाकर विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित की गई उद्यमशीलता की भावना की भी खूब सराहना की। स्वदेशी जागरण मंच, प्रमुख स्थानीय उद्यमियों और विद्वानों के साथ, इस उत्सव को एक उल्लेखनीय और व्यावहारिक अनुभव बनाने के लिए शामिल हुआ। उन्होंने युवाओं के बीच आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता की भावना की संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके सामूहिक प्रयासों के लिए केएमवी की सराहना की और साथ ही के.एम.वी. की समृद्ध विरासत को प्रत्यक्ष रूप में दर्शाते हॉल ऑफ फेम का भी दौरा किया। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संयोजक डॉ. अश्विनी महाजन ने अपने संबोधन में उद्विता के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि के.एम.वी. कॉलेज और स्वदेशी जागरण मंच के बीच यह सहयोगात्मक प्रयास पंजाब में उद्यमिता के लिए अनुकूल माहौल का पोषण करने और युवाओं को अपनी क्षमता का एहसास करने के लिए सशक्त बनाने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

Scanned with OKEN Scanner

कन्या महाविद्यालय (आटोनॉमस), जालंधर

के.एम.वी लगातार पाँचवीं बार भारत के शीर्ष कॉलेजों में हुआ शामिल



9 The Tribune GUIDE TO BEST COLLEGES REGION

PUNJAB



10 The Tribune GUIDE TO BEST COLLEGES



ritical skills like writing and research.

complexities of human behaviour.

Sociology: It is the study of human society's development, structure, and functioning. The curriculum covers the study of specialised fields, namely applied sociology, comparative sociology, cultural sociology, collective behaviour, crime and delinquency, community, and behaviour.

Foreign languages: Students interested in foreign languages like French, German, Korean, Chinese, Japanese, etc., can opt for foreign language programmes at UG level. These languages are an add-on subject in courses like mass communication, hotel management and tourism courses. You can become an expert in different foreign languages and find opportunities as a trainer, teacher, translator, or writer on a national and international level.

Many of these subjects have been given a more 'applied' twist in the form of training a student for 'Social Work', 'Counselling', 'Survey Research', 'Action Research' etc. Another emerging trend in humanities is the inter-disciplinary approach where different disciplines are studied together to find solutions to new challenges facing society. A few examples of these are: Environmental humanities, digital humanities, medical humanities.

Humanities graduates and post-graduates can work at thrilling interfaces of science and society, hubs of media activity, political hotspots, national policy making center and in governance. They also have the option to work with the underprivileged, tribal communities, and vulnerable groups. With a degree in humanities, one can carve out a career in education, health, governance, media, research, social work and even in non-arts areas.

Humanities courses, thus, offer immense potential in terms of social impact, professional success, and personal growth.

The writer is Pro Vice-Chancellor, Lovely Professional University (LPU), Phagwara

ergraduate Common ance Exam for Design

ndian Institute of Technology, Bombay, con- UCEED under the guidance of the UCEED- D Implementation Committee 2024 (hereafter to as the UCI Committee).

am is open to all nationals (Indian/Foreign). Can- eeking admission to the Bachelor's Degree pro- in Design (B.Des.) at the Indian Institute of gy, Bombay, (IIT-B), Indian Institute of Technol- i, (IIT-D), Indian Institute of Technology, Guwa- G), Indian Institute of Technology, Hyderabad, nd Indian Institute of Information Technology nd Manufacturing, Jabalpur, (IIITDMJ), must or UCEED 2024. UCEED is a test centre-based tion and has two parts: Part-A is computer-based -B contains question related to sketching that be attempted on the provided sheet. It is com- for the candidates to attempt both the parts in



St Bede's, Shimla
Estd: 1904
Website: www.stbedes.catholic.edu.au/

Only college in Himachal Pradesh to be accredited 'A plus' Grade by UGC NAAC and is in the select band of 19 prestigious colleges which have been accredited "heritage status" by UGC. The college has successfully implemented RUSA and Choice Based Credit Based System (CBCS), introduced by Himachal Pradesh University.

Govt College of Art, Chandigarh
Estd: 1951
Website: http://gcart.edu.in

Govt College for Girls, Chandigarh
Estd: 1965
Website: www.gcg11.ac.in

DAV College, Sector 10, Chandigarh
Estd: 1958
Website: www.davchd.ac.in

MCM DAV College for Women, Chd
Estd: 1968
Website: www.mcmdavcw-chd.edu

Govt College for Girls, Ludhiana
Estd: 1943
Website: gcgldh.org

Chitkara University, Rajpura
Estd: 2010
Website: https://www.chitkara.edu.in

BBK DAV College for Women, Amritsar
Estd: 1967
Website: www.bbkdav.org.

Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar
Estd: 1886
Website: www.kmvjalandhar.ac.in

2023 NIRF TOP 10

1. HINDU COLLEGE, NEW DELHI
2. ST STEPHEN'S COLLEGE, NEW DELHI
3. UNIVERSITY OF PETROLEUM AND ENERGY STUDIES, DEHRADUN
4. MIRANDA HOUSE, NEW DELHI
5. LOVELY PROFESSIONAL UNIVERSITY, JALANDHAR
6. LADY SHRI RAM COLLEGE FOR WOMEN, NEW DELHI
7. SRI SRI UNIVERSITY, CUTTACK, ODISHA
8. HANSRAJ COLLEGE, NEW DELHI
9. MANIPAL UNIVERSITY ONLINE, JAIPUR, RAJASTHAN
10. KIRORI MAL COLLEGE,

Scanned with OKEN Scanner

कन्या महाविद्यालय (आटोनॉमस), जालंधर

के.एम.वी लगातार पाँचवीं बार भारत के शीर्ष कॉलेजों में हुआ शामिल

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महाविद्यालय, जालंधर ने अपनी शानदार सफलताओं की शृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित इंडिया टुडे रैंकिंग (2023) में लगातार पाँचवीं बार भारत के शीर्ष कॉलेजों में स्थान हॉसिल किया। के.एम.वी को भारत में सभी ऑटोनॉमस कालेजों में फैशन डिजाइन में सबसे कम फीस श्रेणी में पहला स्थान, फैशन डिजाइन में भारत में बैस्ट वैल्यू फ़ार मनी श्रेणी में पहला स्थान हासिल हुआ है। विभिन्न प्रोग्रामों में, केएमवी ने भारत भर के स्वायत्त कॉलेजों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ऑटोनॉमस कॉलेजों की ऑल इंडिया रैंकिंग में केएमवी मास कम्युनिकेशन में 7वें, बीसीए में 13वें, बीबीए में 14वें स्थान पर है। कला, वाणिज्य और विज्ञान के सभी कार्यक्रमों ने भारत भर के शीर्ष 30 स्वायत्त कॉलेजों में रैंकिंग हासिल की है। इस विलक्षण उपलब्धि पर अधिक प्रकाश डालते हुए, प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने बताया कि के.एम.वी ने अपनी प्रशसनीय उपलब्धियों में भारत के आटोनॉमस कालजों में से टॉप रैंकिंग प्राप्त कर मिसाल कायम की है।

आगे बात करते हुए उन्होंने बताया की आटोनॉमस स्टेटस की प्राप्ति के साथ जहां कन्या महाविद्यालय को पहला एवं एकलौता महिला कालज होने का सम्मान हासिल है वहीं इस दर्जे के साथ संस्था उच्च शिक्षा श्रेणी की संस्थाओं में नई शिक्षा नीति के अनुसार सुधारों को अपना कर अग्रणी सूची में शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि इन टॉप रैंक्स की प्राप्ति कन्या महाविद्यालय की गुणवत्ता पर आधारित शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था होने की गवाही देती है। 21वी सदी की जरूरतों के अनुसार जहां विभिन्न कोर्सेज़ के सिलेबस को डिज़ाइन किया गया है वहीं साथ ही न्यू इन्वोवेटिव व्यावसायिक प्रोग्राम पूर्ण तौर पर छात्राओं के कौशल के विकास पर केन्द्रित हैं। छात्राओं के भविष्य को साकारात्मक सोच प्रदान करने के मकसद के साथ कन्या महाविद्यालय के द्वारा उन्हें जीवन मूल्यों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करते हुए फाउंडेशन कोर्स, मॉरल एजुकेशन, पर्सनेलिटी डिवलैपमैंट, सोशल आउटरीच, जैंडर सैंसीटाईजेशन एवं इन्वोवेशन, एंटरप्रिन्योरशिप एंड वेंचर डिवलैपमैंट/जॉब रैडीनैस जैसे वैल्यू एडेड प्रोग्राम सफलतापूर्वक तौर पर चलाए जा रहे हैं जिनके ग्रेड्स छात्राओं के डिटेल माक्स कार्ड पर दर्शाए जाते हैं। ऐसे प्रभावशाली प्रयत्न कन्या महाविद्यालय को टॉप रैकिंग कॉलेज बनाने में महत्वपूर्ण माध्यम बने है।

इसके साथ कन्या महाविद्यालय द्वारा टीचिंग एवं लर्निंग के लिए डिजिटल टैक्नॉलाजी का सकारात्मक उपयोग छात्राओं की शिक्षा के लिए बेहद गम्भीर रूप से किया जा रहा है और इसके साथ ही संस्था के द्वारा छात्राओं को उनके सम्बन्धित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय प्लैसमैंट के अवसर प्रदान करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से काम किया जाता है। इस अवसर पर मैडम प्रिंसीपल ने इस विशेष सफलता के लिए समूह प्राध्यापकों एवं छात्राओं द्वारा किए गए प्रयत्नों एवं मेहनत के लिए उन्हें मुबारकबाद दी और बताया कि समूचे भारत एवं विदेशों से अकैडमीशियनस एवं हमारे इंडस्ट्री पार्टनर्ज़ के द्वारा सिलेबस को 21वीं सदी के अनुसार अपग्रेड करने में विशेष सहायता प्रदान की गई है एवं कन्या महाविद्यालय के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए मार्ग खोले गए हैं जिसके साथ यह संस्था वर्ष दर वर्ष नम्बर 1 रैकिंग प्राप्त करने का हक रखती है। उल्लेखनीय है कि के.एम.वी. के द्वारा इंडिया टुडे मैगज़ीन, आउटलुक मैगज़ीन एवं टाइम्स आफ इंडिया में लगातार साल 2019 से नम्बर 1 रैंकिंग प्राप्त की गयी है। अन्त में मैडम प्रिंसीपल ने कहा कि अपनी इस विशेष प्राप्ति से कन्या महाविद्यालय ने सभी शहरवासियों को एक बार फिर से गौरव का मौका प्रदान किया है।

Scanned with OKEN Scanner

कन्या महाविद्यालय को Eat Right Campus का सम्मान

एफएसएसएआई fssai
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
Eat Right India
Eat Right CAMPUS

CERTIFICATE OF APPRECIATION

presented to

Kanya Mahavidyalaya, Jalandhar, Punjab

for successful completion and an outstanding performance in the 'Millet Challenge for Eat Right Campus' from April 20th, 2023, to May 20th, 2023.

MILLETS CHALLENGE FOR EAT RIGHT CAMPUSES

कन्या महाविद्यालय जालंधर, भारत में सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित महिला शैक्षणिक संस्थानों में से एक है और उन्हें भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भारत के खाद्य सुरक्षा और सुरक्षा संघ द्वारा 'ईट राइट कैंपस' पदनाम से सम्मानित किया गया है। यह संस्था के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो 137 वर्षों से महिला शिक्षा में सबसे आगे रहा है।

'ईट राइट कैंपस' पदनाम स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने और अपने परिसर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केएमवी की प्रतिबद्धता की मान्यता है। यह पुरस्कार केएमवी की संकाय, कर्मचारियों और छात्राओं की कड़ी मेहनत और समर्पण का एक वसीयतनामा है, जिन्होंने स्वस्थ जीवन और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए इसे अपना मिशन बनाया है।

1886 में अपनी स्थापना के बाद से केएमवी महिला शिक्षा में एक अग्रणी रहा है, संस्थान अपनी पृष्ठभूमि की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और भारत में कुछ छात्राओं को सबसे सफल और प्रभावशाली महिलाएं बनाया है। 'ईट राइट कैंपस' पदनाम उत्कृष्टता के लिए केएमवी की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है, और अपने छात्रों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाने के अपने प्रयासों की मान्यता है। यह पुरस्कार पूरे केएमवी समुदाय के लिए गर्व का स्रोत है, और शिक्षा के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। केएमवी की उपलब्धि भारत में अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक शानदार उदाहरण है, और यह स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व की याद दिलाता है। उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता और अपने छात्रों की भलाई के प्रति इसका समर्पण वास्तव में सराहनीय है, और सभी के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करता है।

Scanned with OKEN Scanner



प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी, प्रिंसिपल, के.एम.वी. ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सम्मानित

प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी, प्रिंसिपल, कन्या महा विद्यालय (ऑटोनॉमस), जालंधर के प्रिंसिपल को बेमिसाल शैक्षणिक माहौल तैयार करने के लिए 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सम्मानित किया गया। अपने दूरदर्शी नेतृत्व के साथ प्रो.अतिमा शर्मा द्विवेदी सदा ही महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहीं हैं तथा महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति उनकी सकारात्मक सोच के आधार पर कन्या महा विद्यालय ने समाज़ कल्याण में अपना बहुमूल्य योगदान डाला है। प्रो. अतिमा ने विद्यालय की फैकल्टी तथा छात्राओं को जालंधर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण प्रदान करने एवं स्थाई ढंग से कचरा के प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया है। यह उनका गतिशील नेतृत्व ही है जिसके अंतर्गत के.एम.वी. के द्वारा 'स्टैच्यू ऑफ सस्टेनेबिलिटी एंड एम्पावरमेंट' के निर्माण सहित सामाजिक और पर्यावरणीय उत्थान के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक शुरू किए गए हैं। समाज कल्याण की जीवंत मिसाल प्रो. अतिमा ने कहा कि उनका दृष्टिकोण उन महिलाओं को बढ़ावा देना है जो एक विकसित और पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ समाज की देखभाल करती हैं और उनके अनुसार यही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि के.एम.वी. ने नगर निगम के साथ विभिन्न सहयोगात्मक पहल की है और भविष्य में भी इस नेक काम को जारी रखेगा। समग्र और जनकल्याण पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से प्रो. अतिमा ने कम्युनिटी सर्विसेज़, विशेष रूप से युद्ध विधवाओं, सेना परिवारों और भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों के लिए भी पहल की है। उनके कुशल नेतृत्व में के.एम.वी. के विमेन एंपावरमेंट सेल ने पिछले कुछ वर्षों में समाज के वंचित वर्गों की 4000 से अधिक महिलाओं को कौशल और मार्गदर्शन देकर सशक्त बनाया है। इस विशेष उपलब्धि पर प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी को मैनेजमेंट, फैकेल्टी तथा छात्राओं ने हार्दिक पर बधाई दी।

Scanned with OKEN Scanner



पीजी रिटेल मैनेजमेंट विभाग के डीडीयू कौशल केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का सम्मान

केएमवी उत्तरी क्षेत्र का एकमात्र कॉलेज है जिसे रिटेलर्स एसोसिएशन की स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (RASCI), मुंबई द्वारा रिटेल में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) से सम्मानित किया गया है।

केएमवी रिटेल क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को कौशल और अपस्किल करने के मिशन के साथ रिटेल संचालन में निःशुल्क प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।

केएमवी के लिए रिटेल और संबद्ध क्षेत्र के लिए 'उत्कृष्टता केंद्र (सीओ ई)' के रूप में मान्यता प्राप्त करना बहुत गर्व की बात है, जो स्किल इंडिया मिशन के साथ गठबंधन कार्यक्रमों में आर ए एस सी आई और केएमवी के सामान्य कौशल उद्देश्यों को चलाने के लिए एक हब केंद्र है।

आरएएससीआई ने उद्योग की मांग और प्रतिभा आपूर्ति के बीच की खाई को लगातार पाटने के लिए रिटेलऔर संबद्ध क्षेत्रों में परिणाम उन्मुख प्रासंगिक कौशल को सहयोग और सुविधा प्रदान करने के लिए केएमवी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

केएमवी में उत्कृष्टता केंद्र (सी.ओ. ई.) रिटेल परिचालन में निः शुल्क प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करके रिटेल और संबद्ध क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह केंद्र रिटेल शिक्षा और रिटेल प्रयोगशाला के संचालन के संबंध में अन्य संस्थानों को मेंटरशिप प्रदान करेगा।

प्राचार्य प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने डॉ. गोपी शर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा, सुश्री चेतना और रिटेल मैनेजमेंट संकाय को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और छात्राओं को नौकरी तैयार करने के लिए अपने कौशल को प्राप्त करने और बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

Scanned with OKEN Scanner

RASCI
Retailers Association's Skill Council of India

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

Date: 29-04-2024

To Whomsoever It May Concern:

This is to acknowledge that Kanya Maha Vidyalaya, having its office at Tanda Road, Jalandhar City has been recognized as Centre of Excellence for Retail Sector.

Authorised by:

Retailers Association's Skill Council of India ★ MUMBAI

James Raphael

Executive Head – RASCI & Joint Central Apprenticeship Adviser (MSDE, Govt. Of India)

RASCI द्वारा केएमवी के स्किल मैनेजमेंट को मिला Centre of Excellence का सम्मान

हम सभी के लिए यह गौरव, प्रसन्नता और सम्मान का विषय है कि 29.4.2024 को Reailer's Association's Skill Council of India (RASCI) की ओर से कन्या महाविद्यालय, जालंधर ऑटोनोमस संस्था के *रिटेल मैनेजमेंट विभाग* को उसके बेहतरीन योगदान के लिए रिटेल सेक्टर के लिए *Centre of Excellence* का सम्मान प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह विभाग अपने स्थापना काल से ही सराहनीय कार्य कर इस क्षेत्र में अपनी पहचान कायम कर रहा है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्राचार्या और स्किल मैनेजमेंट के सभी प्राध्यापकों को हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।

Scanned with OKEN Scanner



केएमवी शिक्षा मंत्रालय द्वारा 4 गोल्ड स्टार से सम्मानित

केएमवी को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (भारत सरकार) द्वारा 4 गोल्ड स्टार से सम्मानित किया गया। देश में सर्वोच्च स्टार रेटिंग पूरे भारत में 3426 संस्थानों (तकनीकी संस्थानों, गैर-तकनीकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों सहित) में से, केएमवी 4 गोल्ड स्टार से सम्मानित होने वाले शीर्ष 140 संस्थानों में से एक है। कन्या महाविद्यालय (केएमवी), जालंधर को छात्रों और शिक्षकों के बीच उद्यमशीलता और अभिनव संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के इनोवेशन सेल (भारत सरकार) द्वारा 4 'गोल्ड स्टार' से सम्मानित किया गया है। केएमवी उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के उन शीर्ष 10 संस्थानों में शामिल है, जिन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 4 स्वर्ण सितारे प्रदान किए गए हैं।

केएमवी ने छात्रों के स्टार्ट-अप के लिए एक प्रजनन भूमि प्रदान की है। प्रिंसिपल प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी की निरंतर प्रेरणा और मार्गदर्शन के साथ, 21 छात्रों ने फैशन बुटीक, ब्यूटी सैलून, आर्ट स्टूडियो, डाइट क्लीनिक, पौष्टिक खाद्य निर्माण, चॉकलेट मेकिंग और बेकिंग जैसे अपने छोटे उद्यम शुरू किए हैं।

प्रिंसिपल प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने केएमवी-आईआईसी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि शर्मा और केएमवी-आईआईसी की उपाध्यक्ष डॉ. नीतू चोपड़ा को बधाई दी और इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आईआईसी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि केएमवी में अभिनव और उद्यमशील पहल उद्यमशीलता की प्रमुख क्षमता में सुधार करेगी और छात्रों और शिक्षकों के बीच अधिक अभिनव व्यवहार को बढ़ावा देगी।

Scanned with OKEN Scanner



केएमवी को पंजाब में पहला और एकमात्र अन्वेषिका केंद्र प्रदान किया गया

कन्या महाविद्यालय, जालंधर के भौतिकी विभाग और स्वायत्त और विरासत संस्थान के पी.जी. विभाग ने हमेशा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करके युवा दिमाग के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। व्यावहारिक विज्ञान गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान सीखने से विद्यार्थियों को यह देखने का मौका मिलता है कि उन्होंने क्या सीखा है और विषय की गहरी समझ विकसित होती है। केएमवी में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों के नियमित व्यावहारिक प्रशिक्षण पर उचित ध्यान दिया जाता है। हाल ही में केएमवी भौतिकी के शिक्षकों ने कानपुर में प्रोफेसर एच.सी. वर्मा द्वारा छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण लिया। परिणामस्वरूप, उन्हें बहुमूल्य विशेषज्ञता और ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने कार्यशाला के दौरान सलाहकार के रूप में खुशी-खुशी साझा किया। उनका मुख्य ध्यान कक्षा सेटिंग में अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने पर था। परिणामस्वरूप, केएमवी भौतिकी संकाय सदस्य डॉ. नीतू वर्मा और डॉ. संगीता प्रशर, केएमवीएट्स के साथ-साथ प्रतिष्ठित भौतिक विज्ञानी पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा द्वारा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के नवोदय विद्यालयों के भौतिकी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर सम्मानित हुए। 'जीवन के माध्यम से भौतिकी सीखना' शीर्षक से चार दिवसीय कार्यशाला, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत अमृतसर में नवोदय नेतृत्व संस्थान में हुई। आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा की देखरेख में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य भारत के उत्तरी क्षेत्र के शिक्षकों के लिए ज्ञान साझा करने, नवीन शिक्षण पद्धतियों की खोज करने और अपने प्रयोगात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच तैयार करना था।

केएमवी विद्यार्थियों के बीच नवाचारों की इसी तरह की संस्कृति को विकसित करने के लिए केएमवी में अन्वेषिका केंद्र के अनुदान के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अन्वेषिका, भारत भर में केंद्र बनाने के लिए भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) की एक पहल है, जहाँ छात्र और शिक्षक प्रयोग-आधारित भौतिकी सीख सकते हैं और अपने स्वयं के विचारों को आज़मा सकते हैं। नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया (एनएएनआई) पहल के तहत देश के विभिन्न स्थानों पर अन्वेषिका केंद्र स्थापित किए गए हैं। अन्वेषिका अनिवार्य रूप से एक खुली प्रयोगशाला है, जहां किसी बोर्ड के पाठ्यक्रम या परीक्षा की बाध्यता के बिना असामान्य प्रयोग किए जाते हैं। जैसे ही कोई विचार छात्रों या शिक्षकों के मन में आता है, नए प्रयोग निरंतर विकसित होते रहते हैं। वर्तमान में आईआईटी कानपुर के भौतिकी विभाग के पदमश्री प्रो. एचसी वर्मा एनएएनआई के समन्वयक हैं। यह बहुत गर्व की बात है कि केएमवी को पंजाब का पहला और एकमात्र अन्वेषिका केंद्र प्रदान किया गया है। टीम केएमवी ने 1 सितंबर, 2023 को ऑडिटोरियम में इस उपलब्धि का जश्न मनाया, जहां प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने भौतिकी विभाग के प्रयासों की सराहना की और बधाई दी। उन्होंने कहा, एक व्यावहारिक विज्ञान कार्यक्रम में छात्र सामग्री को बेहतर ढंग से याद रखेंगे, कार्य पूरा होने पर उपलब्धि की भावना महसूस करेंगे और उस अनुभव को अन्य शिक्षण स्थितियों में आसानी से स्थानांतरित कर पाएंगे।

Scanned with OKEN Scanner



National Science Centre, Delhi

International Museum Expo-2024

Result and Projects selected for participation in Young Innovator's Innovation Display by committee which met on 22nd April 2024

Position	Name of Winner	School/College/ Institute	Project	Remark
1st	a) Gurleen Kaur b) Harmanpreet Kaur	Kanya Maha Vidyalaya, Jalandhar, Punjab	Automatically Stagnant Water Ejector	Recommended to participate in IME 2024
2nd	Sahaj Garg	Department of Electronic Science, Delhi University	Allogen Battery	Recommended to participate in IME 2024
3rd	a) Kaushish Shriyam b) Dubby Sharanjit Singh	Army Public School Clement Town	PROJECT VARUNA	-

As per guidelines received only two teams can be recommended for participation in Young Innovator's Innovation International Museum Expo 2024

Dinesh Malik, Sr. Education Officer, NSC, Delhi

केएमवी के युवा इनोवेटर्स ने नॉर्थ जोन में जीत हासिल की, इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो 2024 की ओर अग्रसर

कन्या महाविद्यालय, जालंधर ने अपने युवा इनोवेटर्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है, जिन्होंने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो 2024 के नॉर्थ जोन चरण में यंग इनोवेटर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता है। पीजी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स की दो स्नातक छात्राएं सुश्री गुरलीन और सुश्री हरमन ने अपने गुरुओं डॉ. नीतू वर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख पीजी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स) और डॉ. सुरभि (सहायक प्रोफेसर, पीजी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स) के साथ मिलकर अद्वितीय सरलता और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें सम्मानित जजों और साथियों से समान रूप से प्रशंसा मिली। उनके अभिनव दृष्टिकोण और समर्पण ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित स्वायत्त और विरासत संस्थान का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। यह उल्लेखनीय जीत न केवल प्रतिष्ठित संस्थान कन्या महाविद्यालय, जालंधर की दीवारों के भीतर पोषित अनुकरणीय प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि हमारे छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

कन्या महाविद्यालय, जालंधर में, नवाचार को न केवल प्रोत्साहित किया जाता है - यह हमारी संस्कृति में समाहित है। हमारा मानना है कि हमारे छात्रों के बीच नवाचार की भावना को बढ़ावा देना उनके समग्र विकास और भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक है। शैक्षणिक कठोरता, अनुभवात्मक शिक्षा और एक सहायक वातावरण के मिश्रण के माध्यम से, हम अपने छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने, नए विचारों की खोज करने और पारंपरिक सोच की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाते हैं। हमारा संस्थान छात्रों को व्यावहारिक परियोजनाओं, सहयोगी पहलों और अंत:विषय अनुसंधान में संलग्न होने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपनी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का दोहन करने की अनुमति मिलती है। चाहे वह हैकथॉन, नवाचार चुनौतियों या उद्यमशीलता के उपक्रमों के माध्यम से हो, हम एक ऐसा वातावरण तैयार करते हैं जहाँ साहसिक विचारों का स्वागत किया जाता है, असफलता को सफलता की सीढ़ी के रूप में अपनाया जाता है और दृढ़ता का जश्न मनाया जाता है।

हमारे प्रतिभाशाली युवा इनोवेटर्स के लिए यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती है। बड़ी उम्मीद और उत्साह के साथ, वे अब आगामी अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2024 में अपने अभूतपूर्व काम को प्रदर्शित करने के लिए कमर कस रहे हैं, जो 18-19 मई, 2024 को सांस्कृतिक रूप से जीवंत शहर कोलकाता में आयोजित होने वाला है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम दुनिया भर के दूरदर्शी और अग्रदूतों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जहाँ वे विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि का जश्न मनाते हैं। जैसे ही वे कोलकाता की इस रोमांचक यात्रा पर निकलते हैं, हम अपने नवोदित नवप्रवर्तकों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और उन्हें वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ने की तैयारी के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।

प्राचार्य प्रो. (डॉ) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने पीजी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल टीम के छात्रों और मेंटर्स को उनके सराहनीय काम के लिए बधाई दी। अंततः एक अभिनव संस्कृति को विकसित करने के लिए केएमवी की प्रतिबद्धता केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के बारे में नहीं है - यह हमारे छात्रों को अनुकूलनीय, लचीला और आगे की सोच रखने वाले नेता बनने के लिए तैयार करने के बारे में है जो एक निरंतर विकसित दुनिया में पनप सकते हैं। कन्या महाविद्यालय, जालंधर में नवाचार सिर्फ एक प्रचलन शब्द नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है।

Scanned with OKEN Scanner



के.एम.वी. ग्रीन केंपस अवार्ड से सोच (दि सोसायटी फॉर कंज़र्वेशन एंड हीलिंग ऑफ़ एनवायरनमेंट) द्वारा सम्मानित

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपने बेमिसाल प्रयासों एवं प्रतिबद्धता के लिए सोच (दि सोसायटी फॉर कंज़र्वेशन एंड हीलिंग ऑफ़ एनवायरनमेंट) के द्वारा ग्रीन केंपस अवार्ड के साथ सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कन्या महा विद्यालय ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को लागू करने एवं अपनी छात्राओं एवं प्राध्यापकों में स्थिरता की संस्कृति का विकास करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर संबोधित होते हुए डॉ. बलविंदर सिंह लक्खेवाली, प्रेसिडेंट तथा इं. अमरजीत सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी, सोच ने पर्यावरण संरक्षण में कन्या महा विद्यालय के बहुमूल्य योगदान की भरपूर सराहना की। इस विशेष सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सोच के प्रयासों की प्रशंसा की और साथ ही पर्यावरण प्रबंधन की दिशा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए संस्था की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। उन्होंने कहा कि ग्रीन केंपस अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के प्रति कन्या महा विद्यालय के सकारात्मक दृष्टिकोण का ही एक प्रमाण है और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के लिए हरित भविष्य के लिए टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने की और प्रेरणा का स्रोत भी है। आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह ज़रुरी है कि युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियां के बारे में जागरूक किया जाए और कन्या महा विद्यालय में समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहता है ताकि सभी नागरिक इसे और अधिक स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने की और निरंतर अग्रसर रह सकें।

Scanned with OKEN Scanner



कन्या महाविद्यालय की 67 IPR's की महत्तम उपलब्धि

कन्या महाविद्यालय नित्य नवीन उपलब्धियां प्राप्त करने में सदा अग्रणी रहा है और प्रत्येक क्षेत्र में पहल करके सदैव आगे रहा है। इस संस्था के प्राध्यापकों ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिभागिता करके वैश्विक स्तर पर इस महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विश्व के 950 प्रतिभागियों ने और भारत के 23 राज्यों से विभिन्न कॉलेजों और यूनिवर्सिटी से अनेक सदस्यों ने भाग लेकर अपने जोश, उमंग और उत्साह को व्यक्त किया।



कन्या महाविद्यालय को मिले दो पेटेंट के अनुदान

कन्या महा विद्यालय को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे सम्मानित प्रोफेसरों को पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क के महानियंत्रक, भारत सरकार से खाद्य उत्पादन और स्वस्थ भोजन के क्षेत्र में उनके अभिनव काम के लिए दो पेटेंट प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं : जल ताप व्यवस्था के साथ खाद्य ताप उपकरण मिलावट निगरानी उपकरण पेटेंट प्रमाण पत्र का अनुदान एक जबरदस्त उपलब्धि और एक प्रमाण पत्र है। कन्या महा विद्यालय में प्रोफेसरों का समर्पण और कड़ी मेहनत से ही यह संभव हो सका है। उनके शोध में खाद्य उत्पादन, तकनीकों और स्वस्थ भोजन प्रथाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है। उनके अथक प्रयासों और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यह अच्छी तरह से योग्य मान्यता हुई है। सभी ने सुयोग्य प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी को संकाय सदस्यों को अकादमिक उत्कृष्टता की खोज के लिए उनके निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व ने सभी के भीतर नवाचार और अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

Scanned with OKEN Scanner



सुश्री जैस्मीन परमार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट के लिए चुना गया

जैव प्रौद्योगिकी विभाग की गौरवशाली पूर्व छात्रा सुश्री जैस्मीन परमार को 'स्कॉलर्स के लिए खुराना कार्यक्रम' के लिए चुना गया है। कन्या महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के ईमानदार प्रयासों से उन्हें BYJU में रखा गया था। अब, वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में जैविक रूप से प्रेरित इंजीनियरिंग के लिए Wyss संस्थान जा रही हैं। कन्या महाविद्यालय, जालंधर के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के सहयोग से जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक करियर परामर्श सत्र आयोजित किया गया था। आज, उन्होंने विज्ञान विभाग के छात्रों को एक प्रेरक और ज्ञान से भरा करियर परामर्श सत्र दिया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान में स्नातक होने के बाद सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के बारे में जागरूक किया जो वे आईआईटी-जेएएम, जीएटी-बी, टीआईएफआर, सीयूईटी उन्होंने यह कहते हुए अपने व्याख्यान का समापन किया कि केएमवी एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो छात्राओं को अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है और कॉलेज में उन्हें सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों के साथ बातचीत उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक में अनुसंधान करने के अपने सपने को पूरा कर सकें। इसके अलावा, अनुसंधान उन्मुख सर्वश्रेष्ठ संकाय से सीखने से उसे दूसरों पर बढ़त मिली और अपने सपने को आगे बढ़ाने में मदद मिली। परिणामस्वरूप वह ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में चयनित हुई। प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा, प्रिंसिपल कन्या महाविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार प्रयासों और कन्या महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए सुश्री जैस्मीन परमार की सराहना की।

Scanned with OKEN Scanner



के.एम.वी. की लवलीन सैनी रटगर्स यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. में प्रोजेक्ट फेलो के रूप में 4000 डॉलर प्रति माह पर हुई प्लेस

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, कन्या महा विद्यालय जालंधर की एम.एस.सी. फिज़िक्स की होनहार छात्रा लवलीन सैनी ने रटगर्स यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. में प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट फेलो प्लेसमेंट हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया. उल्लेखनीय है कि लवलीन रटगर्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में ग्रेजुएट असिस्टेंट के रूप में शामिल होंगी। अपनी नई भूमिका में, वह एक प्रोजेक्ट फेलो के रूप में काम करेगी, जहाँ उसे 4000 डॉलर प्रति माह का प्रभावशाली वज़ीफा भी मिलेगा। लवलीन को उसकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि लवलीन की उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, समर्पण और के.एम.वी. में प्रदान की गई असाधारण शिक्षा का एक शानदार प्रमाण है। समूह के. एम.वी. परिवार उसे इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देता है और उसके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता है। यह उपलब्धि न केवल लवलीन की व्यक्तिगत सफलता को उजागर करती है, बल्कि के.एम.वी. के लिए भी बहुत सम्मान लाती है, जो हमारी छात्राओं के लिए अकादमिक उत्कृष्टता और वैश्विक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि के.एम.वी. अपने गंभीर प्रयासों से फ्यूचर लीडर्स को आकार देने में गर्व महसूस करता है और यह उपलब्धि के.एम.वी. की द्वारा सफलताओं की एक लंबी शृंखला में एक और महत्वपूर्ण कड़ी है और इस प्रतिस्पर्धी वैश्विक परिदृश्य में सफ़ल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान के साथ छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मैडम प्रिंसिपल ने लवलीन को सफलतापूर्वक मार्गदर्शन देने के लिए फिज़िक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीतू वर्मा तथा डीन, इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. गोपी शर्मा के प्रयासों की भी सराहना की।

Scanned with OKEN Scanner

के.एम.वी. की छात्राओं की यू.एस.ए. में शानदार इंटरनेशनल प्लेसमेंट



के.एम.वी. की छात्राओं की शानदार इंटरनैशनल प्लेसमैंट

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा अपनी छात्राओं को प्रदान की जाती वैश्विक स्तरीय शिक्षा के माध्यम से वह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्लेसमेंट हासिल कर रही है। इस ही श्रृंखला में विद्यालय के दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के अंतर्गत हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विभाग की छात्राओं हरिता जैदका, दिव्या भद्रन तथा गुरप्रीत कौर ने लोउज़ होटल, यू.एस.ए. में शानदार अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। बी.वॉक हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म सेमेस्टर छः की इन छात्राओं को यह प्लेसमेंट 25 लाख + आई.एन.आर. के आकर्षक पैकेज के साथ प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी के दूरदर्शी नेतृत्व के अंतर्गत कन्या महा विद्यालय के द्वारा छात्राओं को प्रदान की जाती उत्कृष्ट शिक्षा का एक शानदार प्रमाण है। छात्राओं को उनकी इस विशेष उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्या जी ने कहा कि यह सफलता कन्या महाविद्यालय के द्वारा न्यू ऐज़ प्रोग्रेसिव एजुकेशन के अंतर्गत किए जाते विभिन्न सकारात्मक कार्यों के साथ-साथ छात्राओं को इंडस्ट्री रेडी ट्रेनिंग तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार करियर के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता की भी गवाही देती है। उल्लेखनीय है कि के.एम.वी. का हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विभाग हरिता, दिव्या एवं गुरप्रीत जैसी प्रतिभाशाली छात्राओं का मार्ग प्रशस्त करने में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में अपनी पहचान रखता है जिन्होंने अपने क्षेत्र के लिए समर्पण की एक बेमिसाल उदाहरण पेश की है। यह अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट न केवल छात्राओं के असाधारण कौशल को दर्शाती है बल्कि के.एम.वी. के हॉस्पिटैलिटी विभाग के द्वारा प्रदान की जाती उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा एवं व्यवहारिक ट्रेनिंग को भी रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि यह सफलता के.एम.वी. के हॉस्पिटैलिटी विभाग के द्वारा छात्राओं को प्रदान किए जाते कठोर प्रशिक्षण एवं वैश्विक एक्सपोजर का प्रमाण है तथा विद्यालय भविष्य के लिए हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के लीडर्स को तैयार करने में बेहद गर्व महसूस करता है। के.एम.वी. के सफलताओं के सफ़र में यह एक नई कड़ी विद्यालय के द्वारा अपनी छात्राओं को मुकाबले वाले ग्लोबल लैंडस्केप में सफल होने के लिए प्रदान किए जाते जरूरी कौशल एवं ज्ञान के साथ सशक्त करनें की प्रतिबद्धता की भी उदाहरण देती है। इसके अलावा कन्या महा विद्यालय के द्वारा मल्टीनेशनल कंपनीयों की ओर से कॉरपोरेट ट्रेनर्स के साथ मिलकर अंडर-ग्रैजुएट स्तर पर सेमेस्टर पांचवा की छात्राओं के लिए चलाया जाता निःशुल्क जॉब रेडीनेस जैसा महत्वपूर्ण प्रोग्राम भी इस दिशा की ओर बेहद कारगर साबित हो रहा है। इसके साथ ही प्राचार्या जी ने डॉ. गोपी शर्मा, डायरेक्टर, कौशल केंद्र तथा डॉ. सुनील के साथ-साथ हॉस्पिटैलिटी विभाग के समूह अध्यापकों के द्वारा छात्राओं को प्रदान किए जाते उचित मार्गदर्शन की भी सराहना की।

Scanned with OKEN Scanner



कन्या महाविद्यालय जालंधर की अंतराष्ट्रीय उपलब्धि

कन्या महाविद्यालय प्रारंभ से ही बहुत-सी उपलब्धियां अपने नाम करने के लिए अत्यंत परिश्रम और लगन से अपना काम करता आ रहा है। इस संस्था ने प्रत्येक काम में अग्रणी रहकर अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस वर्ष इसकी 6 छात्राओं ने रशिया जाकर शानदार प्रदर्शन किया है।

कन्या महाविद्यालय की छात्राएं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिन-प्रतिदिन अपने अद्भुत प्रदर्शन के माध्यम से संस्था को निरंतर गौरवान्वित करती आ रही हैं। इसी श्रृंखला में संस्था ने रशिया में आयोजित हुए वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में लोक नृत्य श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 6 छात्राओं – लवप्रीत, मनप्रीत, किरणदीप, वंशिका चंदेल, तवनीत एवम गीतिका का रूस से भारत लौटने पर हार्दिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित हुए ओरिएंटेशन सेशन के द्वारा चयनित को गई टीम एवम भारत सरकार के द्वारा पूरी तरह से फंडेड इस यात्रा के दौरान छात्राओं ने न केवल अपनी अलक्षित और गौरवमयी प्रतिभा से सभी का दिल जीता अपितु सेंट पीटर्सबर्ग की टीम के साथ अपनी प्रस्तुति भी दी। इस शुभावसर पर विद्यालय प्रबंधक कमेटी की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती नीरजा चंद्रमोहन भी उपस्थित थीं उन्होंने और संस्था प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा ने छात्राओं की विदेश यात्रा, उनकी अन्यतम प्रस्तुति एवम विदेश में भारत का परचम लहराने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं के सर्वपक्षीय विकास के लिए प्रतिबद्ध संस्था के एम वी में शिक्षा के साथ साथ पाठ्येतर गतिविधियों को भी महत्व दिया जाता है।

कन्या महाविद्यालय, जालंधर के द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक उपलब्धियों के तहत प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट और प्रशंसा हासिल करने में अपनी छात्राओं और प्राध्यापकों की उल्लेखनीय सफलता का बेहद गर्व से जश्न मनाया गया। के.एम.वी. की छात्राओं की विशेष उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर पर मुकाबले को बढ़ावा देने और विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्था की.प्रतिबद्धता की गवाही देती है। इस सफलता को मानते हुए आयोजित विशेष प्रोग्राम में के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी की सदस्या श्रीमती नीरजा चंद्र मोहन और प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी खास तौर पर शामिल हुए एवं ऐसी उपलब्धियों के साथ विद्यालय को गौरवान्वित करने वाली छात्राओं एवं प्राध्यापकों को हार्दिक मुबारकबाद भी दी। इस संबंध में और अधिक जानकारी देते हुए प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि विभिन्न संकायों में, के.एम.वी. की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान अर्जित करते हुए असाधारण प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन किया है। केएमवी के हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म प्रोग्राम की छात्राओं ने अपने अनुकरणीय व्यावहारिक कौशल और प्रशिक्षण का प्रदर्शन करते हुए 37 लाख के आकर्षक पैकेज पर बोस्टन में हिल्टन होटल और आर्लिंगटन, टेक्सास, यूएसए में लोउज़ होटल जैसे प्रतिष्ठित स्थानों में प्रतिष्ठित प्लेसमेंट हासिल किया। केएमवी की छह छात्राओं को रूस में विश्व युवा महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में भी चुना गया जहां उन्होंने भारतीय लोक नृत्य और सहयोगात्मक प्रस्तुतियों सहित मनमोहक प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक आदान-प्रदान क्षमताओं और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। साइकोलॉजी विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं को इओटवोस लोरंड यूनिवर्सिटी, हंगरी में हंगेरियन भाषा और संस्कृति में समर यूनिवर्सिटी कोर्स में भाग लेने के लिए स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया जो शिक्षा और वैश्विक प्रदर्शन के लिए केएमवी के समर्पण को उजागर करता है। इसके अलावा, साइंस विभाग के प्राध्यापकों ने इटली में इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल फिज़िक्स (आई.सी.टी.पी.) से छह महीने की प्रतिष्ठित फेलोशिप हासिल की, जो केएमवी की अकादमिक उत्कृष्ट और साइंस कम्युनिटी के भीतर अंतरराष्ट्रीय मान्यता को रेखांकित करती है। यह उल्लेखनीय उपलब्धियाँ वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और प्रदर्शन के महत्व पर ज़ोर देते हुए नई शिक्षा नीति में उल्लिखित उद्देश्यों के साथ सहजता से मेल खाती हैं। प्रो. द्विवेदी ने अंत में कहा कि छात्राओं को वैश्विक मंचों पर रखने में केएमवी की निरंतर सफलता अंतरराष्ट्रीय मानकों की शिक्षा प्रदान करने और छात्राओं और शिक्षकों को वैश्विक अवसरों और चुनौतियों के लिए समान रूप से तैयार करने के लिए समर्पित एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करती है।

Scanned with OKEN Scanner



के.एम.वी. में इंडस्ट्री एकेडमीया मीट-2024 का सफल आयोजन

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालन्धर में 138वें सरस्वती पूजन समारोह का आयोजन किया गया। श्री विशेष सारंगल, डिप्टी कमिश्नर, जालंधर इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता श्री चंद्रमोहन, अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल ने की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा चावला, जनरल सैक्रेटरी श्री आलोक सोंधी तथा सदस्य डॉ. सतपाल गुप्ता, श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती नीरू कपूर, श्रीमती अनुराधा सोंधी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। सरस्वती पूजन विद्यालय का परंपरागत समारोह है जिसमें विद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को स्वागत उनकी बड़ी बहनों द्वारा किया जाता है और नई और पुरानी छात्राएं मिलकर सरस्वती वंदना करती हैं और शिक्षा एवं ज्ञानार्जन द्वारा राष्ट्र की सेवा का संकल्प लेती हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस अकादमिक सत्र की शुरुआत इस पवित्र समारोह से की गई। छात्राओं ने मिलकर सरस्वती आराधना और राष्ट्रप्रेम के परंपरागत गीत गाए। विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और विद्यालय की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि संस्था लगातार बदलते समय की मांग को ध्यान में रखते हुए अकादमिक क्षेत्र में प्रतिदिन सफलता के नए आयाम स्थापित कर इतिहास रच रही है। इसके साथ ही कॉलेज के द्वारा भारत की नई शिक्षा नीति को मुकम्मल रूप से लागू करने के विषय को उन्होंने बेहद गौरवमयी बताया। उन्होंने कहा कि कन्या महाविद्यालय पंजाब की पहली महिला संस्था है जिसे ऑटोनॉमस संस्था होने का सम्मान प्राप्त हुआ है तथा आज कन्या महा विद्यालय को इंडिया टुडे, आउटलुक एवं टाइम्स ऑफ इंडिया जैसे सम्मानित मैगज़ीन के अलावा विभिन्न सर्वेक्षणों में भारत के सर्वोत्तम कॉलेजों में से एक होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। श्री चंद्रमोहन ने अपने संबोधन में छात्राओं को अपने माता-पिता के स्वप्नों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नए ज़माने में शिक्षा और ज्ञान का क्षेत्र प्रतिदिन विस्तृत हो रहा है सभी छात्राओं को इस नए समय की गति के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महोदय श्री विशेष सारंग ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन के द्वारा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय के स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने से वह उस योग्यता को हासिल करते हैं जिससे वह भविष्य को संवारने वाले अवसरों की पहचान के काबिल बनते हैं। उन्होंने कहा कि कन्या महाविद्यालय में शिक्षा का अवसर उन्हें बौद्धिक और भावात्मक रूप से ऐसे ही भविष्य के लिए तैयार करेगा। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल का भरपूर लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया जिससे जीवन की चुनौतियां उन्हें एक अवसर के समान प्रतीत हों। आज के इस समारोह के दौरान पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश की वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डॉ. मधुमीत, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं श्रीमती वनीला खन्ना द्वारा संपादित पुस्तक दि लिटरेरी कंटूर्स का विमोचन किया गया। इसके अलावा विद्यालय के कई प्राध्यापकों को उनकी पी.एच.डी. सफलतापूर्वक संपन्न करने, पुस्तक प्रकाशन के लिए एवं आई.पी.आर. प्राप्त करने पर माननीय अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में पूरी निष्ठा भाव से सेवाएं प्रदान करने वाले नॉन-टीचिंग स्टाफ एवं सहायक स्टाफ सदस्य भी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम के अंत में श्री आलोक सोंधी ने सभी सम्मानित अतिथियों एवं समग्र उपस्थिति के प्रति आभार ज्ञापित किया। अपने संक्षिप्त संबोधन में विद्यालय के अविस्मरणीय इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी छात्राओं को जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम पॉजिटिव रहें तो असंभव काम भी कर सकते हैं। मैडम प्रिंसिपल नहीं इस प्रोग्राम की सफल आयोजन के लिए डॉ. मधुमीत, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मंजू साहनी, अध्यक्ष केमिस्ट्री विभाग तथा डॉ. रीना शर्मा के साथ समूह आयोजक मंडल के द्वारा किए गए प्रयत्नों की प्रशंसा की।

टैलेंट फिएस्टा (Talent Fiesta)

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर में टेलेंट फिएस्टा 23 कार्यक्रम का बेहद शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अकादमिक वर्ष 2023-24 में विद्यालय में नई प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए कॉलेज के ई .सी .ए विभाग की ओर से विगत एक माह के दौरान संगीत, नृत्य, होम साइंस, फाइन आर्ट्स, लिटरेरी श्रेणी के अंतर्गत प्रतिभाखोज मुकाबले करवाए गए तथा इसी श्रृंखला की कड़ी के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विविध प्रस्तुतियां दीं। इस भव्य आयोजन में सोलो सांग, सोलो डांस, कोरियोग्राफी, मॉडलिंग, स्किट, फैंसी ड्रेस, गिद्धा, भांगड़ा अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां छात्राओं द्वारा दी गईं जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और योग्यता को पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। स्किल डेवलपमेंट, महिलाओं के आत्मगौरव, चंद्रयान विषय पर भावपूर्ण एवं सोद्देश्य प्रस्तुतिओं ने सभी का मन मोह लिया और भरपूर तालियां भी बटोरीं। मैडम प्रिंसिपल

Scanned with OKEN Scanner

ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज की ओर से ऐसे मौके उनके लिए स्वर्णिम अवसर हैं जिनका लाभ उठाते हुए उन्हें बढ़-चढ़ कर इन कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए क्योंकि इससे वे अपनी प्रतिभा को उजागर करने के साथ-साथ वह आत्मविश्वास और किसी भी कार्य में सफ़लता के लिए ज़रूरी अनुशासन, परस्पर सहयोग भावना और प्रतिबद्धता जैसे गुणों को सीखते हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपने भीतर किसी ना किसी टेलेंट को विकसित करें क्योंकि उनका टेलेंट उनकी पहचान और भविष्य में सफलता की गारंटी बनेगा। प्राचार्या महोदया ने सभी छात्राओं को विश्व के ऊँचे पदों पर आसीन भारतीयों का उदाहरण देकर उन्हें अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को बढ़ाने की प्रेरणा दी तथा सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफ़ीज़ और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों में फाइन आर्ट्स के मुकाबलों में लैंडस्केप केटेगरी के अंतर्गत विनीता ने प्रथम स्नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में कीर्ति आनंद पहले तथा दिव्या दूसरे स्थान पर रहीं। कोलाज मेकिंग में पल्लवी ने पहला स्थान तथा कीर्ति ने दूसरा स्थान हासिल किया। कार्टूनिंग श्रेणी में नंदिनी प्रथम, राजबीर कौर द्वितीय तथा रश्मप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। क्ले मॉडलिंग में भूमि, प्रियंका और मुदिता ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एम्ब्रॉइडरी प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रीति, तमन्ना ठाकुर एवं भवनीत कौर, पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं और रूपिंदर कौर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एम एस.सी. फैशन डिजाइनिंग तथा एम. वॉक टैक्सटाइल डिज़ाइन एंड अपैरल टेक्नोलॉजी सेमेस्टर पहला की छात्राओं के लिए इसी प्रतियोगिता में प्रियंका देवी ने पहला, तरनप्रीत ने दूसरा, जीवनजोत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और प्रियंका ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। संगीत मुकाबलों में जैस्मिन कौर ने प्रथम, नवनीत कौर ने द्वितीय तथा राजबीर कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कोमलप्रीत कौर ने पहला, मनप्रीत कौर ने दूसरा, रीतिका और मनीषा कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में मुदिता सिंह ने प्रथम, प्रियंका कुमारी एवं भूमि ने द्वितीय तथा शरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लिटरेरी केटेगरी प्रतियोगिता में वाद-विवाद प्रतियोगिता में चाहत ने प्रथम, ज्ञान ने द्वितीय तथा कोमलप्रीत ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में कोमलप्रीत ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता उच्चारण प्रतियोगिता में प्रीतकोमल प्रथम, काजल द्वितीय तथा चाहत तृतीय स्थान पर रहीं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मनप्रीत ने पहला, ईशा, सिमरन तथा मानवी शर्मा ने दूसरा एवं मेहक ने तीसरा स्थान हासिल किया। कोरियोग्राफी प्रतियोगिता में से नारी शक्ति पर बी.कॉम की छात्राओं के द्वारा दी गई प्रस्तुति को पहला तथा रिटेल मैनेजमेंट की छात्राओं के द्वारा महिला सशक्तीकरण पर प्रस्तुत को दूसरा स्थान प्रदान किया गया। डुएट डांस प्रतियोगिता में से हरप्रीत कौर तथा पायल प्रीत कौर पहले एवं राधिका और प्रिया दूसरे स्थान पर रहीं। सोलो डांस प्रतियोगिता में से बलप्रीत कौर ने पहला, अंकिता ने दूसरा तथा तनवीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में से सुखमनप्रीत कौर की टीम पहले, पवनप्रीत कौर की टीम दूसरे तथा निशा की टीम तीसरे स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में से श्रेया जोशी और मुस्कान ने पहला स्थान हासिल किया। मनमीत कौर और तरनप्रीत कौर दूसरे स्थान पर रही जबकि नवप्रीत कौर और तमन्ना को तीसरा स्थान प्रदान किया गया। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार इस प्रतियोगिता में से कोमलप्रीत कौर तथा स्नेहा को प्राप्त हुआ। मॉडलिंग प्रतियोगिता में से मिस एलिगेंट विशाखा को चुना गया। मिस चार्मिंग स्माइल के लिए प्रतिभा, मिस ब्यूटीफुल अटायर के लिए खुशी, मिस ग्रेसफुल के लिए मुस्कान तथा मिस शाइनिंग स्टार ख़िताब के लिए खुशी को चुना गया जबकि सांत्वना पुरस्कार कुलबीर कौर एवं सरिता को प्रदान किया गया। इसी प्रतियोगिता में से सेकंड रनर अप जतिंदर कौर रही। फर्स्ट रनर अप रिया को चुना गया जबकि गुरशरनजीत कौर मिस फ्रैशर्स बनी। टाइटल जीतने वाली सभी विजेता छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए मैडम प्रिंसिपल ने इस प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए ई.सी.ए. विभाग के सभी सदस्यों के द्वारा किए गए प्रयत्नों की भरपूर प्रशंसा की।

महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जयंती (200th Jayanti of Maharishi Dayanand Saraswati Ji) :

के.एम.वी. द्वारा प्रकाशित नारी शिक्षा की प्रथम संस्था कन्या महा विद्यालय पर आर्य समाज के प्रभाव पर आधारित पुस्तक भी इस अवसर पर हुई प्रकाशित

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में युगपुरुष स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का प्रथम साकार रूप : कन्या महा विद्यालय विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री चन्द्रमोहन, प्रधान, आर्य शिक्षा मंडल मुख्यातिथि के रूप में सहभागी हुए। प्रो. सुधीर कुमार, डीन स्कूल का संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज़, जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली मुख्य स्रोत वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। प्रोग्राम की

Scanned with OKEN Scanner

अध्यक्षता श्री आलोक सोंधी, जनरल सेक्रेटरी, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी द्वारा की गई। इसके साथ ही इस अवसर पर के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी के कोषाध्यक्ष श्री ध्रुव मित्तल एवं सदस्य श्रीमती सुशीला भगत ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके अलावा विद्यालय मैनेजिंग कमेटी के सदस्य डॉ. सतपाल गुप्ता एवं डॉ. कमल गुप्ता के साथ-साथ श्री कुंदन लाल अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योति सग्गी ने भी अपनी शिरकत के साथ प्रोग्राम की शोभा को बढ़ाया। वैदिक मंत्रोच्चार में ज्योति प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उन्हें आर्य समाज और कन्या महा विद्यालय के सांझे सामाजिक संकल्पों तथा आदर्शों से परिचित करवाया। दयानंद सरस्वती जी के आदर्शों एवं प्रेरणाओं के प्रथम साकार रूप कन्या महा विद्यालय के संघर्ष ,राष्ट्र प्रेम एवं उसकी अद्यतन अकादमिक उपलब्धियों को उन्होंने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद जी के आदर्शवादी मार्ग पर चलते हुए 1886 के अपने स्थापना काल से लेकर निरंतर कन्या महा विद्यालय अपने स्वर्णिम अतीत एवं शानदार वर्तमान के साथ छात्राओं को देश प्रेम के भाव सिखाते हुए वैश्विक स्तरीय शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य उज्जवल करने में अग्रणी योगदान डाल रहा है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में पराधीन और रूढ़ि ग्रस्त भारतीय समाज में क्रांति की भावना का संचार करने में आर्य समाज की युगान्तकारी भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने वैदिक संस्कृति के विषय में निराधार भ्रांतियों का उन्मूलन करते हुए उसके वैज्ञानिक, तार्किक और सार्वभौमिक चिंतन को प्रोत्साहित करने और आचरण में धारण करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने परंपरा एवं आधुनिकता के सुमेल कन्या महाविद्यालय के द्वारा महर्षि दयानंद जी के मूल्यों अनुसार नारी शिक्षा एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में डाले जा रहे योगदान की भी भरपूर सराहना की। मुख्यातिथि श्री चंद्रमोहन ने अपने वक्तव्य में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की प्रेरणा और मार्गदर्शन कन्या महा विद्यालय और नए भारत के निर्माण की मज़बूत आधारशिला है। उन्होंने स्वाधीनता संघर्ष में आर्य समाज के विचारों के युवा पीढ़ी पर हुए सकारात्मक और सशक्त प्रभाव का उल्लेख करते हुए बताया कन्या महा विद्यालय के संस्थापकों और निर्माताओं ने भी उस समय उनके बताए आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र और समाज के पुनरुत्थान में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आज भी कन्या महा विद्यालय बहुमुखी समसामयिक चुनौतियों के लिए सतत स्वयं को तैयार कर रहा है। संगोष्ठी के अध्यक्ष श्री आलोक सोंधी ने आर्यसमाज और दयानन्द सरस्वती जी के जीवन और समाज दर्शन पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उनके विचारों का ही गहन प्रभाव था कि लाला देवराज 22 वर्ष की छोटी सी उम्र में कन्याओं की शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार का बीड़ा उठाने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने कन्या महाविद्यालय की स्थापना के रूप में अपने संकल्प को सिद्ध भी किया। आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार और संस्कारों को संजो कर रखने की आवश्यकता है। श्रीमती सुशीला भगत ने भी आर्य समाज के द्वारा बताए गए जीवन में नियम और अनुशासन के महत्व पर रोशनी डालते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री ध्रुव मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ व्यक्तित्व और समाज के निर्माण के लिए संस्कार और विज्ञान, प्राचीन और अर्वाचीन के संतुलित सुमेल की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर के.एम.वी. द्वारा प्रकाशित नारी शिक्षा की प्रथम संस्था कन्या महा विद्यालय पर आर्य समाज के प्रभाव के पर आधारित पुस्तक महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों का प्रथम साकार रूप : कन्या महाविद्यालय का विमोचन भी सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा किया गया। प्रोग्राम के अंत में प्राचार्य जी ने इस सफल आयोजन के लिए डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. मधुमीत, डॉ. गुरजोत, डॉ. अनुशोभा एवं डॉ. रूपिका के साथ-साथ समूह आयोजक मंडल के द्वारा किए गए प्रयत्नों की सराहना की।

छात्रा कल्याण विभाग (Department of Student Welfare) :

यह कॉलेज का वह महत्वपूर्ण विभाग है जिसके अंतर्गत छात्राओं के द्वारा आयोजित गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष में कॉलेज में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनका विवरण इस प्रकार है :-

- 20.7.23 को इस संस्था ने सत्र का प्रारंभ हवन से किया। प्राचार्या, प्राध्यापक, छात्राओं ने व सहायक स्टाफ ने इस हवन में पूरी श्रद्धा से भाग लिया। सभी ने उस निर्गुण और निराकार ब्रह्म की उपासना कर अपनी संस्था की उन्नति की प्रार्थना की।
- 9.7.23 से 20.7.23 तक इस विभाग की ओर से नई छात्राओं की सहायतार्थ सभागार के बाहर Help Desk का आयोजन किया गया।
- 27.7.23 को कॉलेज की ओर सं पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए KMV Relief Drive चलाई गई जिसमें चावल, गेहुं, रिफाइंड ऑयल, चीनी, चाय पत्ती, टूथपेस्ट, ब्रश तथा अन्य महत्त्वपूर्ण वस्तुओं का योगदान दिया।
- 5.8.23 इस विभाग की ओर से Women Safety विषय पर ओपन हाउस करवाया ताकि छात्राएं मणिपुर में घटित लोमहर्षक घटना

Scanned with OKEN Scanner

के संबंध में अपने विचार एवम अनुभव प्रकट कर सकें। लगभग 20 छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

- 6.8.23 को इस विभाग की ओर से हमेशा की तरह बुक बैंक लगाया गया। जिसमें जरूरतमंद छात्राओं को 500 से अधिक पुस्तकों की निःशुल्क सहायता प्रदान की।
- 12.8.23 से 16.8.23 तक Anti Ragging Week पूरे उत्साह और उमंग से मनाया गया। इस अवसर पर पोटर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, लोगो डिजाइनिंग, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं।
- 14.8.23 को विभाग की ओर से भारत के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्या जी ने कॉलेज के बीचो बीच तिरंगा फहरा कर सलामी दी। प्राध्यापकों और छात्राओं ने मिलकर वंदे मातरम और राष्ट्र गान का गायन किया। एन सी सी की छात्राओं प्राचार्या जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।
- 28.8.23 को विभाग की ओर से रक्षा बंधन के सुअवसर पर ईको फ्रेंडली राखी मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें तिरंगी राखी, बीज राखी, थाली सजाना आदि प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।
- 29.8.23 को इस विभाग ने फाइन आर्ट्स विभाग के साथ मिलकर अल्फा महेंद्रू की ओर से प्रायोजित Art Simpson Painting Competition' करवाया। के एम वी की छात्राओं ने इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया।
- 30.8.23 को विभाग ने पौधारोपण अभियान के अंतर्गत Lawns, Botanical Garden और Verticle Garden में तथा और भी अन्य स्थलों पर वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे रोपित किए।
- 4.9.23 को कॉलेज में World Entrepreneure Day पर माननीय बनवारी लाल पुरोहित (गवर्नर, पंजाब) को आमंत्रित किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के मौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज नवीन उद्योग में संलग्र छात्राओं को सम्मानित करने और पहचान देने के लिए पधारे।
- 5.9.23 के एम वी की ओर से शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए शिक्षक दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन एवम् लाला देवराज जी को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की ओर कॉलेज के प्राध्यापकों को फूल और सुंदर कार्ड देकर उनकी अभ्यर्थना की।
- 12.9.23 को के एम वी में अखिल भारतीय शिक्षा समागम के अंतर्गत प्रस्तुत "मेरी माटी-मेरा देश" के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए संदेश को ऑनलाइन दिखाया।
- 12.8.23 को के एम वी में नव प्रविष्ट छात्राओं के लिए एक Induction Program लगाया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं को "अपने के एम वी को जानो" कार्यक्रम द्वारा उन्हें विद्यालय से परिचित करवाया गया।
- 16.8.23 को विभाग की ओर से छात्राओं को जागरूक करने के लिए 'विश्व ओज़ोन दिवस' मनाया गया।
- 12.9.23 को नगर निगम के सहयोग से के एम वी ने एक स्वच्छता अभियान रैली निकाली। CBC of Union Ministry of Information and Broadcasting की और से इस स्वच्छता अभियान का आह्वान किया गया था।
- स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से छात्राओं की व्यस्तम दिनचर्या को देखते हुए उनके लिए Happy Hour की शुरुआत की। इसका छात्राओं ने भरपूर आनंद उठाया।
- 15.9.23 को 2023-24 की Student Council का अभिषेक समारोह मनाया गया। संस्था प्राचार्या ने सभी छात्राओं का बैज लगाकर अभिषेक किया।
- 16.9.23 को इस विभाग की ओर से दैनिक जागरण के सौजन्य से छात्राओं को पर्यावरण के प्रति सजग करने हेतु ऑनलाइन पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया।
- 16.9.23 को जिन छात्राओं ने 2022-23 की वार्षिक परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त किया, उन्हें प्राचार्या जी द्वारा सम्मानित कर Achiever's Day मनाया गया।
- 16.9.23 को के एम वी में पधारी CRPF की 150 women bikers का हार्दिक स्वगत किया। सभी Women bikers को तेजस्विनी का खिताब दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

- 1.11.23 को स्टूडेंट वेलफेयर विभाग तथा Heartfulness Education ट्रस्ट के सौजन्य से बहुभाषीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मूल कथ्य Mother Earth (मातृभूमि) था। अनेक छात्राओं ने इसमें भाग लिया।
- 8.11.23 को ग्रीन दिवाली के उपलक्ष्य में एक रैली निकाली गई। इसमें 250 छात्राओं ने भाग लिया।
- शहीद करतार सिंह सराभा के बलिदान दिवस पर विद्यालय प्राचार्या, प्राध्यापक और सभी छात्राओं ने फूलों से शहीद सराभा को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- 7.10.23 को इस विभाग की ओर से दिवाली के सुभावसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। छात्राओं ने इस में अपनी अद्‌भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- 1.12.23 को World Aid's Day के अवसर पर छात्राओं को एड्स विषय पर जानकारी प्रदान की गई। यह रोग एच आई वी से होती है। Red Ribbon Club और इस विभाग की ओर से एक पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें काफी छात्राओं ने जोश, उमंग एवं उत्साह से भाग लिया।
- 24.12.23 को कॉलेज की तरफ से क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस मानने का आयोजन किया। विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।

सेल्स एवं क्लब (Cells and Clubs) :

इस विभाग के अंतर्गत विद्यालय में अनेक क्लब और सैल्स काम कर रहे हैं :-

- Lost and Found Cell
- Red Ribbon Club
- Anti Ragging Cell
- Stress Buster Club
- Grievances Redressal Cell
- Cell against Sexual Harassment
- Saplings of Life Club
- Book Bank
- Readers Club
- अपने-अपने क्षेत्र में ये सभी क्लब और सैल सभी सम्पूर्ण समर्पण के साथ काम कर रहे हैं।

युवा समारोह (Youth Festival) :

किसी भी युवा समारोह में संस्था की भागीदारी ही उसका स्तर तय करती है। इस बार भी युवा समारोह में हमारी छात्राओं ने द्वितीय व तृतीय स्थान ग्रहण कर संस्था की कीर्ति पताका फहराई।

जोनल युवा समारोह (Zonal Youth Festival) :

ग्रुप डांस	द्वितीय
फुलकारी	द्वितीय
क्लासिकल इंस्ट्रमैंटल	तृतीय
लैंडस्केप	तृतीय
फोटोग्राफी	तृतीय
रंगोली	तृतीय
क्लासिकल डांस	तृतीय
फोक ब्रिगेड	तृतीय
ग्रुप डांस	तृतीय

Scanned with OKEN Scanner

फोक डांस (विश्व स्तरीय) के लिए हमारी छात्राओं का चयन किया गया। सोची, रशिया में होने वाले विश्व यूथ फेस्टीवल के लिए हमारे फोक डांस की टीम का चयन किया गया। हमारी छात्राओं किरणदीप कौर, लवप्रीत कौर, तनवीत कौर तथा वंशिका चंदेल ने अपनी प्राध्यापका गीतिका सिंह के साथ रशिया के यूथ फेस्टीवल में भाग लिया व संस्था को गौरवान्वित किया।

राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन (National/International Seminar Organised) :

- स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग की ओर से Understanding Attention Deficit Hyperactivity Disorder among Children and Adults विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर Kingdom of Bahrain के American Mission Hospital के Department of Psychiatry की अध्यक्ष डॉ. फेबा ने शिरकत की।
- 28 अगस्त 23 को Innovation and start up in Aquaculture विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 100 छात्राओं ने 20 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
- फिलॉसफी विभाग की ओर से 9.4.24 को राष्ट्रीय वेबिनार करवाया गया जिसका विषय था – 'भारतीय दर्शन में न्याय दर्शन' इस विषय पर प्रमुख वक्ता डॉ. राहुल कुमार मौर्य ने न्याय दर्शन पर प्रकाश डाला।
- 15.4.24 को फिलॉसफी विभाग की ओर से 'A Philosophical analysis of Indian Knowledge System' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार करवाया गया। इस अवसर पर डॉ. शिवानी शर्मा पधारी।

कार्यशाला आयोजन (Workshops Conducted)

- 28.9.23 को कॉमर्स विभाग से डॉ. रश्मि बिंद्रा ने Elements of Business Model विषय पर कार्यशाला लगाई।
- 8.9.23 सी एस नागेश कुमार (Chartered Financial Analyst NISM) ने तथा सुश्री अनीता सैनी (Security Market Trainer SEBI) ने के एम वी में Financial Education and Career Awareness with NISM पर एक कार्यशाला लगाई।
- 16 अक्तूबर 23 को केमिस्ट्री विभाग की ओर से Intellectual Property Rights विषय पर कार्यशाला लगाई गई जिसमें 100 छात्राओं और 25 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
- एफ डी विभाग की ओर से 2 दिसंबर से 4 दिसंबर 23 तक Expert Fevicryl Teaching Training course पिषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 60 छात्राओं ने भाग लिया।
- एफ डी विभाग की ओर से 6 जुलाई 23 को RUCHI – NGO के साथ मिलकर Global Pathways Sustainable Entrepreneurship विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया।
- 3 से 10 अक्तूबर 23 को एफ डी विभाग की ओर से Paper Mache विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया। इस कार्यशाला में 50 छात्राओं ने भाग लिया।
- 3 अक्तूबर 23 में एफ डी विभाग की ओर से Papier mache पर 7 दिवसीय कार्यशाला लगाई इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया।
- 6 जुलाई 23 को एफ डी विभाग की ओर से International multiple workshop on sustainable Entrepreneurship (under Union sponsored project of Global Pathways in collaboration with RUCHI, a lead NGO of Himachal Pradesh) लगाई गई।
- संस्कृत विभाग तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण संस्थान की ओर से समाज, प्राध्यापकों और छात्राओं हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- कन्या महाविद्यालय के फिजिक्स विभाग से डॉ. नीतू वर्मा और संगीता पराशर को पद्मश्री एच सी वर्मा Learning Physical Through life नामक वर्कशॉप में आमंत्रित किया। इस कार्यशाला में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा और जम्मू और कश्मीर से प्राध्यापकों ने भाग लिया।
- डॉ. नीतू वर्मा ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आमंत्रण दिए जाने पर समस्त भारत से पधारे नवोदय विद्यालय के प्राध्यापकों के लिए नवोदय लीडरशिप इंस्टीटचूट, अमृतसर में एक वर्कशॉप लगाई।
- एफ डी विभाग की ओर से 17 अगस्त 23 को Slow Fashion Brands की प्रोन्नति के लिए एम एस सी 3 सेमेस्टर की छात्राओं को International Competition Youth Day के अवसर Science City कपूरथला ले जाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

- 2 सितंबर 23 को गणित विभाग की ओर से Sulabh Sootras – Let's Dive in the world of mathematics नामक कार्यशाला के अंतर्गत Sutras of Mathematics and its Applications विषय पर कार्यशाला लगाई।
- बी वॉक आर्टिफिशिपल इंटेलिजेंस और डाटा साईंस विभाग के द्वारा 15.11.23 को Career Development विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य छात्राओं की Personality Development करना तथा Communication Skills को सुधारना और Linkedin Profile बनाना सिखाना था। उन्होंने खुशी चौधरी की Linkedin Profile बना कर दिखाई।
- एनीमेशन विभाग की ओर से 12.10.23 को Management Skills and – Functions under value added Programme – Innovations, Entrepreneurship and Creative Thinking विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 215 छात्राओं ने भाग लिया।
- Animation विभाग एवं फाइन आर्ट्स विभाग ने समन्वित रूप से Still Life Drawing विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- BVoc Artificial Intelligence and Data Science ने Face Detection विषय पर एक कार्यशाला लगाई गई। श्रीमती सिमरप्रीत कौर ने छात्राओं को Face detection की अवधारणाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसमें 25 छात्राओं और 2 प्राध्यापक उपस्थित थे।
- फैशन डिजाइन विभाग की ओर से 6 जुलाई 2023 को Global Pathways – sustainable entrepreneurship with RUCHI NGO विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 150 छात्राओं ने भाग लिया।
- 7 अगस्त 23 को एफ डी विभाग की ओर से अपने देश के Handicraft और स्वदेशी हैंडलूम को प्रचारित करने के लिए Handloom Day मनाया गया।
- 14 अगस्त 23 को एफ डी विभाग की ओर से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इस दिवस को और चंद्रयान 3 की सफलतापूर्वक लॉन्चिग पर महिला सशक्तीकरण और एंटरप्रेन्योरशिप की प्रोन्नति के लिए मॉडलिंग करवाई गई।
- 15.02.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 35 छात्राओं ने विभाग द्वारा आयोजित 'Hands on Practices - Tips and Tricks (MS Excel)' पर कार्यशाला लगाई।
- 27.04.2024 को हिन्दी विभाग की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. हरीश सेठी, डायरैक्टर ट्रांसलेशन स्टडीज़ एण्ड ट्रेनिंग इग्नू दिल्ली से ऑनलाईन उपस्थित हुए।

मेंटरिंग प्रोग्राम का आयोजन (Mentoring Programme Organized) :

- फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों डॉ. नीतू वर्मा, डॉ. सुरभि शर्मा व डॉ. मनदीप कौर ने केंद्रीय विद्यालय – 3 में 2.11.23 को Creativity and Innovation विषय पर मेंटरिंग प्रोग्राम लगाया।
- 4.11.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने Captivating Learning through Innovative Experiments विषय पर के एम वी में एक वर्कशॉप लगा कर मेंटरिंग प्रोग्राम करवाया। इसमें 7 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 6.11.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने Captivating Learning through Innovative Experiments विषय पर के एम वी में एक वर्कशॉप लगा कर मेंटरिंग प्रोग्राम करवाया। इसमें नवीन प्रयोग जैसे The Newton Cradle, Lorentz Oscillator, Motion in Inclined Plane आदि विषयों पर मेंटरिंग प्रोग्राम किया गया।
- 18.11.23 फिजिक्स विभाग की ओर से Police DAV Public School PAP Jalandhar में डॉ. सुरभि शर्मा ने विज्ञान की विशेष शिक्षा पर मेंटरिंग कार्यक्रम का आयोजित किया।
- 24.11.23 को साईंस के नवीन प्रयोगों से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के उद्देश्य से इस कॉलेज के फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने GSSS Adarsh Nagar की छात्राओं को कॉलेज में बुलाया गया।
- 25.11.23 को भी फिजिक्स विभाग ने GSSS Adarsh Nagar की छात्राओं को KMV Innovation Hub में ले जाया गया और Captivating learning through Innovative Experiments विषय पर एक मेंटरिंग प्रोग्राम लगाया।

Scanned with OKEN Scanner

- 29.11.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने GSSS रंधावा मसंदा में Captivating Learning through Innovative Experiments विषय पर एक मेंटरिंग कार्यक्रम किया।
- 29.11.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने GSSS Khurdpur में Captivating Learning through Innovative Experiments विषय पर एक मेंटरिंग कार्यक्रम किया।
- 20.12.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने के एम वी इनोवेशन हब में 3 स्कूलों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया और उन्हें Inno – Physics Demostrations दिखाई।
- 22.12.23 को फिजिक्स विभाग के प्राध्यापकों ने Govt High School, Shekhepind & Jandu Singha के विद्यार्थियों को Inno – Physics Demonstations दिखाई।

विस्तार व्याख्यान आयोजन (Extension Lecture Organised) :

- 17.10.23 को बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से मानसिक और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए Be kind to your mind विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया जिसमें एन एच एस अस्पताल से डॉ. अतुल मदान पधारे।
- 17.10.23 को Biotechnology विभाग की ओर से छात्राओं को अपना उद्योग प्रारंभ करने के योग्य बनने के लिए Motivational Session का आयोजन किया। जिसमें सफल एंटरप्रेन्योर और स्टार्ट अप फाउंडर श्री अमित झा को आमंत्रित किया गया।
- 8.9.23 को होम साईंस विभाग की ओर से "Exploring the growing popularity of Millets as Sustainable and Nutritious Food" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया सिमें एल पी यू फगवाड़ा के School of Agriculture से डॉ. सविंदर कौर पधारीं।
- साइकोलॉजी विभाग की ओर से 9.10.23 को World Mental Health Day पर Rational Emotive Behaviour Therapy : An Introduction विषय पर एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया। इस अवसर पर श्रीमन हस्पताल से डॉ. श्वेता पधारीं।
- 29.8.23 को जूओलोजी विभाग की ओर से विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्धियों और अवसरों का ज्ञान देने के लिए Innovation And Start up in aquaculture विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित मंडल, फिशरीज कॉलेज, एक्वाकल्चर विभाग, जी ए डी वी ए एस यू से पधारे।
- बॉटनी विभाग की ओर से 17 अप्रैल 23 को श्री सुखजीत चीमा (चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, पुखराज ऑगेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, परतापपुरा, जालंधर) ने Lean Start up and Viable Environment विषय पर वक्तव्य दिया।
- बॉटनी विभाग में 31 अक्तूबर 23 को प्रो. एम सी सिद्धू, बॉटनी विभाग, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से पधारे और Transgenic Plants : Opportunity and Biodiversity Conerns विषय पर व्याख्यान दिया।
- कॉमर्स विभाग की ओर से 28.8.23 को Financial Education Under NEP 2020 विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से डॉ. संजय अग्रवाल पधारे।
- कॉमर्स विभाग की ओर से 11.10.23 को Investor Awareness Program का अयोजन किया जिसमें Financial Wisdom in World Investor Week 2023 विषय पर एक वक्तव्य का आयोजन किया। इस अवसर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से डॉ. संजय अग्रवाल पधारे।
- हिन्दी विभाग की ओर से 'हिन्दी में रोज़गार की संभावनाएं' विषय पर एक विस्तार व्यखान करवाया गया है। प्रो. डॉ. सुनील कुमार, हिन्दी विभागाध्यक्ष, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से उपस्थित हुए।
- हिन्दी विभाग की ओर से 18.4.2024 को अपनी भूतपूर्व छात्रा व गोपीचंद आर्य महिला कॉलेज, अबोहर की प्राचार्या का 'उज्जवल भविष्य आधार विद्यार्थी जीवन' विषय पर आनलाइन विस्तार व्याख्यान करवाया।
- रिटेल मैनेजमैंट विभाग की ओर से 26.02.2024 को 'Overview of Banking and Recent Trends' पर व्याख्यान करवाया गया। 42 छात्राओं ने इसमें भाग लिया।
- रिटेल मैनेजमैंट विभाग की ओर से 26.02.2024 को 'Start Up Financing and Innvations in Banking Systems' विषय पर एक वक्तव्य करवाया। 42 छात्राओं ने इसमें भाग लिया।

Scanned with OKEN Scanner

- रिटेल मैनेजमैंट विभाग की ओर से 16.03.2024 के 41 छात्राओं द्वारा 'An Introduction to retail Banking and updation of Latest Technology' विषय पर वक्तव्य लगाया गया।
- रिटेल मैनेजमैंट विभाग की की भूतपूर्व छात्रा ने 09.03.2024 को 'Achieving Problem - Solution Fit and Air Product Market Fit' विषय पर व्याख्यान किया।
- 20.10.2023 को कम्प्यूटर विभाग की ओर से डॉ. सरबजीत सिंह जी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने 'Identifying AL ML and Data Science : An Intro Connected Journey' विषय पर संभाषण दिया।
- हिन्दी विभाग की ओर से 27.04.2024 को इग्नू, दिल्ली से ट्रांसलेशन स्टडीज़ और ट्रेनिंग के निदेशक डॉ. हरीश सेठी ने एक व्याख्यान दिया।

पुस्तक प्रकाशन (Books Published) :

- इस वर्ष हिंदी विभाग से डॉ. विनोद कालरा की तीन पुस्तकें प्रकाशित हुई।
  1. अनुभव के आलोक से
  2. प्रसिद्ध कथाकारों की श्रेष्ठ कहानियां (सम्पादित)
  3. शेक्सपीयर की लोकप्रिय कहानियां (सम्पादित)
- इस वर्ष डॉ. रीना कुमारी (पंजाबी विभाग) की दो पुस्तकें प्रकाशित हुई।
  1. प्रो. मेवा सिंह तुंग दीयां समूह कहानियां
  2. जागीर सिंह जगतार दीयां सम्पादकी रचनावां।
- होम साइंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा की दो पुस्तकें प्रकाशित हुई।
  1. Agriculture Extension – Worldwide Innovations (संपादित पुस्तक)
  2. Modern Perspectives in Social Science and Extension Education.
- फिजिक्स विभाग के तीन प्राध्यापिकों - एन.सी. कोठियाल, गगनदीप कौर और संदीप कौर की Surface Chemistry : Applications and Science in Chemistry विषय पर जनवरी 24 में पुस्तक प्रकाशित हुई।

शोध पत्र प्रकाशन (Research Papers Published) :

- 18.7.23 को एफ.डी. विभाग से डॉ. हरप्रीत कौर का शोध पत्र Pre Consumer Textile Waste mix Media College on Female Societal Sigmas to ensure inclusion and Gender Sensitization शोध पत्र Women Empowerment : Diverse Perspectives में प्रकाशित हुआ।
- वर्ष 2023 में डॉ. हरप्रीत कौर एवम सुश्री हरलीन कौर का शोध पत्र A Case of sustainable entrepreneurship development; developing Ayurvastra through Natural Dyeing शोधपत्र Skill Development and Entrepreneurship for Strong India पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- वर्ष 2023 में डॉ. हरप्रीत कौर, डॉ. मधुमीत एवम सुश्री हरलीन कौर का A Review of Government of India Initiatives for fostering entrepreneurship development विषय पर आधारित शोध पत्र Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- वर्ष 2023 में अमरजोत कौर और विभूति कालिया का Employability and Entrepreneurship among Women through Sewing Skills नामक शोध पत्र Development and Entrepreneurship for strong India में प्रकाशित हुआ।
- वर्ष 2023 में अमरजोत कौर और सुश्री गरिमा का Revitalising and preserving traditional art skills as a doorway for modern entrepreneurs नामक शोध पत्र Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- एफ.डी. विभाग की प्राध्यापिका सुश्री तरणदीप कौर का The business of Fashion : Entrepreneurial approaches नामक शोध पत्र Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

- कॉमर्स विभाग से डॉ. रश्मि शर्मा का Barriers to Innovation in Women-Led Low Tech Service Industry in Punjab शोध पत्र अक्टूबर 23 में Journal of Economics में प्रकाशित हुआ।
- कॉमर्स विभाग से सुश्री प्रणवचीत का Barriers to Innovation in Women-Led Low Tech Service Industry in Punjab शोध पत्र अक्टूबर 23 Journal of Economics में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. सबीना बत्रा का एक शोध पत्र Skill Orientation in Higher Education : Need of the hour के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. रश्मि शर्मा का एक शोध पत्र Awareness Level Regarding Schemes of Govt Banks for Women Entrepreneurship in Punjab के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- श्रीमती रश्मि बिंद्रा का एक शोध पत्र Skill Development in India के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री पूनम जैरथ का एक शोध पत्र Role of Entrepreneurship in Economic Development के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री ऋतु का एक शोध पत्र Food Processing Industry in Punjab : The Sunrise Industry for Entrepreneures के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री येसमीन का शोध पत्र Role of Entrepreneurship in Economic Development के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री दीक्षा सोंधी का शोध पत्र Food Processing Industry in Punjab : The Sunrise Industry for Entrepreneures के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री गिरीशा का शोध पत्र Women Entrepreneurship through Skill Development in India : A Comprehensive Study के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री प्रणवचीत का शोध पत्र Educating and Empowering Women through Skill Development : Necessity Prospects and obstacles के एम वी द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी और डॉ. इकबाल सिंह का शोध पत्र, "Gurudwara Reform Movement" 2023 में यू जी सी केयर लिस्टेड जर्नल मध्य भारती में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी का शोध पत्र Role of Media in Health Communication System of Punjab यू जी सी केयर लिस्टेड जर्नल South India journal of Social Sciences में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी का शोध पत्र The Influence of Social Media Platforms on Public Health perception and Decision Making कवि कुलगुरु कालीदास संस्कृत यूनिवर्सिटी, रामटेक में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी का शोध पत्र Bridging the gender devide in political involvement and representation, Insights of Punjab, India मध्य भारती में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी का शोध पत्र New Education Policy – 2020 Innitiatives for Cultural Awareness महाराज सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के जर्नल में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. संदीप कौर सग्गू का शोध पत्र Exploring the role of microbes for the management of persistant organic pollutant जून 2023 में Journal of Environmental Management में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. संदीप कौर सग्गू का शोध पत्र 'Entrepreneurship in Biotechnology : Fostering Innovation' अगस्त 2023 में Skill Development and Entrepreneurship for strong India पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री प्रिंसी का शोध पत्र Sustainable start ups "Green Entrepreneurship for a greener future" अगस्त 2023 में Skill Development and Entrepreneurship for Strong India पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

- पंजाबी विभाग से सुश्री संदीप कौर का 'नावल ते दर्शन : परिभाषा के अंतर संबंध 'यू जी सी केयर लिस्टेड' आबरू नामक शोधपत्रिका में जुलाई 2023 में प्रकाशित हुआ।
- होम साइंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा का शोध पत्र Early Childhood Education – Holistic Development of the Child कृषि लोक में प्रकाशित हुआ।
- होम साईंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा का शोध पत्र Strategies for parents for reducing Depression among Adoloscents कृषक भारती में प्रकाशित हुआ।
- होम साईंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा का शोध पत्र Food to be avoided during Depression ECO Farming में प्रकाशित हुआ।
- होम साईंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा का शोध पत्र Yoga : An Ancient Technique against Dipression ईको Farming में प्रकाशित हुआ।
- होम साईंस की प्राध्यापिका रूपिका चोपड़ा का शोध पत्र "Depression – Leading Cause of Mental Ailments in Humans" Modern Perspective in Social Science and Extension Education नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- फिजिक्स विभाग की प्राध्यापिका डॉ. संदीप कौर का Luminescenes में नवंबर 23 में Structural Luminescenes In – vitro Studies of Doped soda Lime Phosphate Glasses विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।
- गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती आनंदप्रभा का शोध पत्र 'पुरातन भारतीय गणित के विभिन्न आयाम : एक विश्लेषण और आवेदन' शोध दिशा में अप्रैल - जून अंक में प्रकाशित हुआ।
- गणित विभाग से डॉ. मोनिका रानी का शोध पत्र Analytical Solution for ginzburg – landau equation discrete solitons laser arrase lattlics via non – perturbation methods' Photonic Network Communications में 2023 में प्रकाशित हुआ।
- सितंबर 2023 में गणित विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नताशा शर्मा का शोध पत्र 'Dynamic Analysis of SEIR epidemic model with time delay in geographical networks' Physics A में प्रकाशित हुआ।
- श्रीमती आनंद प्रभा का शोध पत्र Vinculum : An Innovative and Pedagogical Technique of Vedic Mathematics for Numerical and Computational Skills Development 'Skill Development and Entrepreneurship' नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. अर्चना सैनी का शोध पत्र Assessment of Plastic Pollution in rivers of Punjab इस सत्र में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. प्रभा का शोध पत्र Assessment of Plastic Pollution in rivers of Punjab इस सत्र में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री लिप्सा का शोध पत्र Assessment of Plastic Pollution in rivers of Punjab इस सत्र में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. हरप्रीत कौर और सुश्री हरलीन कौर का शोध पत्र Women Empowerment – Diverse Perspectives नामक पुस्तक में Consumer textile waste Mix media college on female sociatle sigmas to ensure inclution and gender sensitization विषय पर जुलाई 2023 में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. हरप्रीत और सुश्री हरलीन कौर का संयुक्त शोध पत्र A case of sustainable entrepreneurship development : Ayurvastra through natural dyeing 2023 में Skill development and Entrepreneurship for Strong India नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. हरप्रीत, डॉ. मधुमीत एवम हरलीन कौर का समन्वित शोध पत्र A Review of Govt of India initiatves for fostering Entrepreneurship development प्रसिद्ध पत्रिका Skill development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- एफ डी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर और श्रीमती विभूति कालिया का संयुक्त शोध पत्र Employability and Entrepreneurship among women through Sewing Skills "Skill Development and entrepreneurship for Strong India" नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

- एफ डी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर और श्रीमती विभूति कालिया का संयुक्त शोधपत्र Revitalising and preserving traditional art skills as a doorway for modern entrepreneurs "Skill Development and entrepreneurship for Strong India" नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- एफ डी विभाग की प्राध्यापिका तरनदीप कौर का शोधपत्र The Business of Fashion : Entrepreneurial approches "Skill Development and Entrepreneurship for Strong India" में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. जतिंदर, डॉ. अर्चना सैनी ने अपना एक शोध पत्र Implementation of NEP-2020 एंड Role of scientific and Technical Terminology ज्ञान गरिमा सिंधु शोध पत्रिका (UGC CARE listed) में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. आशिमा साहनी का शोध पत्र "Boosting Women Political participation through Political Skills Programme" KMV जालंधर द्वारा प्रकाशित पुस्तक Skill Development and Entrepreneurship for Strong India में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री चेतना का Significance of Commerce नामक शोध पत्र Journal of Engineering Sciences vol 14, Issue 10 में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री राजबीर कौर का Significance of Commerce नामक शोध पत्र Journal of Engineering Sciences vol 14, Issue 10 में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री प्रिया का Significance of Commerce नामक शोध पत्र Journal of Engineering Sciences vol 14, Issue 10 में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री चेतना का दिसंबर 23 में Factors affecting Buying Behaviour नामक शोध पत्र Journal of Engineering Sciences vol 14, Issue 10 में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री लक्ष्मी मिश्रा का शोध पत्र Factors affecting Consumer Buying Behaviour भी Journal of Engineering sciences vol 14 Issue 10 में प्रकाशित हुआ।
- केमिस्ट्री विभाग से टैंक सिंदरपाल का शोध पत्र Potential Applications of Fish Scale Waste as a versatile nano biocomposite अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के Souvenir में प्रकाशित हुआ।

शोधपत्र प्रस्तुतीकरण (Research Papers presented) :

- फिजिकल एजुकेशन के अध्यक्ष डॉ. दविंदर सिंह ने 8-9 दिसंबर 23 को पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के फिजिकल एजुकेशन विभाग की ओर से Scientific Backup in Sports विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. आशिमा साहनी ने 27 जून 23 में गुजरांवाला गुरु नानक नेशनल खालसा कॉलेज, लुधियाना में आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में, "Sustainable Development in India : Issues, Opportunities and Challenges" विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. इकबाल सिंह ने 29 जुलाई 23 को दोआबा कॉलेज, जालंधर में आयोजित सेमिनार में, "Assembly Elections 2022 : BJP in changing scenario" विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत किया।
- गणित विभाग से श्रीमती आनंद प्रभा ने Online International Conference on Science, Engineering & Technological Innovations सेमिनार में Impact of microplastic on the Dynamics of the Plankton and fish population with fear in Zooplankton : A Mathematical study पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- श्रीमती आनंद प्रभा ने PGDAV College (Evening) University of Delhi से एक दिवसीय Multidisciplinary conference में Mathematical Analysis of population Dynamics of Prey-Predator model-A Systematic Research review of some recent Advances विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. नताशा शर्मा ने 3.10.23 को Gupta Cast & Forge Hygiene, लुधियाना, पंजाब में Health & Everyday Hygiene विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

Scanned with OKEN Scanner

- 6-7 नवंबर 23 को डॉ. पूनम शर्मा ने First International Conference on Music ICIM 2023, organized by Dept of Theatre and Music, School of Liberal and Creative Arts (Film, Theatre and Music) LPU में Scope and possibilities of Gazal singing in Film Music (In the context of present times) शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 6-7 नवंबर 23 को श्री वरिंदर सिंह ने First International conference on Music ICIM 2023, organised by Dept of Theatre and Music, School of Liberal and Creative Arts (Film, Theatre and Music) LPU में Senior Bangash Gharana of Sarod विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 6-7 नवंबर 23 को श्रीमती दलेर कौर ने First International Conference on Music ICIM 2023, organised by Dept of Theatre and Music, School of Liberal and Creative Arts (Film, Theatre and Music) LPU में Elements and Characteristics of Folk Music विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 6-7 नवंबर 23 को श्रीमती ऋतु भारद्वाज ने First International Conference on Music ICIM 2023, organised by Dept of Theatre and Music, School of Liberal and Creative Arts (Film, Theatre and Music) LPU में International Influence on Indian music विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीरज शर्मा ने 1 से 3 दिसंबर 2023 में वैदिक रिसर्च सेंटर के अंतर्गत 27th India Conference of WAVES in man and Nature in Vaidik Tradition: Modern Perspective में वैदिक परंपरा में मनुष्य और प्रकृति शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- टैंक सिंदरपाल ने जुलाई 10 से 11, 23 को Agricultural Research Council of Nigeria Mabushi, Abuja, Nigeria में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस CAAAAS 23 में Potential Application of Fish Scale Waste as a Versatile Nano biocomposite विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- श्रीमती नीति कपूर ने 'Therapeutic Properties of Edible Seeds' विषय पर अपना रिव्यू 16.02.2024 को CT International Hospitality and Tourism Conference में दिया।
- श्रीमती नीति कपूर ने KAPJ College of Education & Tamilnadu में 16.03.2024 से 17.03.2024 तक आयोजित कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- सुश्री चेतना ने 02.03.2024 को हिन्दू कन्या कॉलेज, कपूरथला में 'Marketing Strategies for Rual Consumers' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत दिया।
- सुश्री राजवीर कौर ने 02.03.2024 को हिन्दू कन्या कॉलेज, कपूरथला में 'A Study on Effectiveness on Social Media as Marketing Tool' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- सुश्री प्रिया ने 02.03.2024 को हिन्दू कन्या कॉलेज, कपूरथला में 'Marketing Strategies for Rural Consumers' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- सुश्री लक्ष्मी ने 02.03.2024 को हिन्दू कन्या कॉलेज, कपूरथला में 'A study on effectiveness on Social Media as a Marketing Tool' विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- सुंश्री काशी शर्मा ने 02.03.2024 को हिन्दू कन्या कॉलेज, कपूरथला में 'A study on effectiveness on Social Media as a Marketing Tool' विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- सुश्री चेतना को शोधपत्र मार्च 2024 में 'Empowering Futures : Impact of guidance and counselling in Education' विषय पर पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री राजवीर कौर का शोधपत्र 'Globalization and inclusive growth : perspectives from India' विषय पर पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- सुश्री प्रिया का शोधपत्र 'Income Inequality and Disparities in Wealth Distribution March 2024' में पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभागिता (Participation in National/International Seminar/ Conference) :

- एफ डी विभाग ने Ministry of housing and Urban affairs, Govt. of India द्वारा संचालित Swachhta hi Sewa ISL 2.0 में भाग लेकर पहला पुरस्कार प्राप्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

- पॉलिटिकल साईंस विभाग ने 19 जनवरी 24 को स्थानीय जिला प्रशासन के सौजन्य से इंटर कॉलेज प्रतियोगिता करवाई जिसमें 10 कॉलेजेस से विद्यार्थियों ने भाग लिया। वोटर अवेयरनेस विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।
- एफ डी विभाग की ओर से 1 छात्रा ने Zonal youth festival में फुलकारी प्रतियोगिता में भाग लिया और हर वर्ष की तरह प्रथम पुरस्कार जीता।
- एफ डी विभाग की ओर से 4 नवम्बर 23 को Diwali Extravaganza का आयोजन किया जिसमें 300 छात्राओं ने भाग लिया। और छात्राओं ने लैंप, ज्वैलरी सूट्स, जूट बैग्स, कुर्तियां, तौलिए व अन्य अनेक गृह सज्जा की वस्तुएं बेचीं।
- 5.11.23 को एफ डी विभाग की ओर एक छात्रा ने Inter Zonal Youth Festival में भाग लिया और टॉप पोज़ीशन प्राप्त की।
- एफ डी विभाग की ओर से 9 से 11 नवंबर 23 को कॉलेज में दीवाली स्टॉल लगाया गया। जिसमें 150 छात्राओं ने अनेक वस्तुएं बेचीं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- 16 जनवरी 23 को एफ डी विभाग की 3 छात्राओं ने NIT द्वारा Start Up Day मनाई गई प्रतियोगिता में भाग लिया और Idea Hackathon में 7000/- रुपए का कैश पुरस्कार जीता।
- 02.02.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 14 छात्राएँ रंगमंच 3.0 मेगा 'इंटर कॉलेज फेस्ट' में सी.टी. इंस्टीच्यूट गईं। वहां लुड्डी में वे प्रथम रनर अप रहीं।
- 17.02.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 3 छात्राएं 'इंडियन कल्चरल एसोसिएशन, करतारपुर, रसूलपुर' गईं। वहां लुड्डी में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 28.02.2024 से 09.03.2024 तक रिटेल मैनेजमैंट की 2 छात्राएं अन्तर्राष्ट्रीय फेस्टीवल सोची, रशिया में गईं।
- 01.03.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 5 छात्राएं सी.टी. इंस्टीच्यूट, मकसूदा में कलर्स 2024 में गईं।
- 01.03.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 4 छात्राएं लायपुर खालसा कॉलेज ऑफ टेक्नीकल कैम्पस, जालंधर में Tech-Symphyony-2024 के लिए गईं।
- 06.03.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 4 छात्राएं ट्रिनिटी कॉलेज में कला उत्सव के लिए गईं।
- 23.03.2024 को रिटेल मैनेजमैंट की 2 छात्राएं पंजीब सरब कला साहित्य अकादमी (रजिसटर्ड) फिल्लौर गिद्दा के लिए गईं।
- संस्था के कम्प्यूटर व आई टी विभाग की ओर से एक अन्त: कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 157 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सम्मान एवं उपलब्धियां (Awards & Achievements)

- कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा को National Educational Policy 2020 and Role of Scientific and Technical Terminology) विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में Commission for Scientific and Technical Terminology New Delhi की ओर से Appreciation Award प्रदान किया गया।
- डॉ. नरिंदरजीत कौर को 12.6.23 को भारत सरकार की ओर से A-145557/2023 Rose – Marigold Eco – Printed Ayurvastra Cotton Full Sleeve Nightwear dyed with Heena पर कॉपीराइट प्रदान किया गया।
- डॉ. नरिंदरजीत कौर को 14.7.23 को भारत सरकार की ओर से A-146749/2023 Rose – Marigold Eco – Printed Ayurvastra Spaghetti Nightwear dyed with Heena पर कॉपीराइट प्रदान किया गया।
- डॉ. नरिंदरजीत कौर को 14.7.23 को भारत करकार की ओर से A-146702/2023 को Tie and Dye Ayurvastra Reusable Cotton Envelop Food Wrap पर कॉपीराइट प्रदान किया गया।
- डॉ. रूपिका चोपड़ा को CCSHAU, हिसार, हरियाणा की ओर से 2023 में P.hd संपन्न करने पर Gold Medal प्रदान किया गया।
- फिजिक्स विभाग की उपलब्धियों को देखते हुए IAPT द्वारा पंजाब में केवल के एम वी को प्रथम और इकलौता 'Anveshika Centre' का सम्मान प्रदान किया गया।
- फिजिक्स विभाग के डॉ. संदीप कौर को उच्च शिक्षा के लिए DST's Wise KIRAN Post Doctoral Fellowship से सम्मानित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

- 26.10.23 को डॉ. नीतू वर्मा और डॉ. सुरभि शर्मा को Automatically Operating Stagnate Water (Design on 394343-001) पर Patent प्रदान किया गया।
- 26.10.23 को डॉ. नीतू वर्मा और डॉ. सुरभि शर्मा को System and Method for Automatically operating Stagnant Water (Patent no. 493782) नामक खोज पर International Patent प्रदान किया गया।
- डॉ. संदीप कौर सग्गू को PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 2 Jalandhar Cantt की ओर से सराहना पत्र (Appreciation Letter) प्रदान किया गया।
- इस सत्र में डॉ. मधुमीत को CT University की ओर से Nation Builder Award प्रदान किया गया।
- डॉ. मधुमीत को स्कूल सिखिया विभाग की ओर से Appreciation Award प्रदान किया गया।
- डॉ. मधुमीत को CRPF की ओर से Appreciation Award प्रदान किया गया।
- डॉ. मधुमीत को Alfa Mahendru Foundation की ओर से Award of Excellence प्रदान किया गया।
- डॉ. मधुमीत को Sub Division Model Town Saanjh Meditation Cell की ओर से Cibil Member बनाया गया।
- सुश्री अग्रिमा जैन को CRPF की ओर से Appreciation Award प्रदान किया गया।
- सुश्री सीमा अरोरा को नगर निगम जालंधर की ओर से सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- सुश्री हरप्रीत कौर (अंग्रेज़ी विभाग) ने श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली से एक माह का इंडक्शन कोर्स किया।
- सुश्री जसपिंदर कौर को इंटरशाला की तरफ से Digital Marketing Course की सफलतापूर्वक समाप्ति पर संपूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया।
- डॉ. मधुमीत को Punjab Pollution Control Board की ओर से Appreciation Certificate दिया गया।
- डॉ. मधुमीत को Central Bureau of Communications की ओर से Appreciation Certificate प्रदान किया गया।
- संस्कृत विभाग की ओर से अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र 2023-24 के लिए आवेदन किया गया।
- संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नीरज की 2 संपादित पुस्तकें प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं।
- डॉ. नीरज शर्मा को National Educational Policy 2020 and Role of scientific and Technical Terminology विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में Convenor के तौर पर Commission for scientific and Technical Terminology New Delhi की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।
- डॉ. जतिंदर को National Educational Policy 2020 and Role of Scientific and Technical Terminology विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में Commission for Scientific and Technical Terminology New Delhi की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया।
- डॉ. अर्चना सैनी को National Educational Policy 2020 and Role of scientific and Technical Terminology विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में Commission for Scientific and Technical Terminology New Delhi की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया।
- डॉ. नीरज मैनी को 9.9.2023 को दस घंटों के विद्यार्थी सत्र 'कोना कोना शिक्षा' के लिए National Institute of Security Markets की ओर से सराहना प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।
- डॉ. रश्मि शर्मा को 2.11.23 को IIC – ATL Linkage Program of MIC Govt of India की ओर से केंद्रीय विद्यालय 1 जालंधर कैंट से सराहना प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।
- डॉ. रश्मि शर्मा को 2.11.23 को IIC – ATL Linkage program of MIC Govt of India की ओर से केंद्रीय विद्यालय 2, जालंधर कैंट से सराहना प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

- डॉ. रश्मि शर्मा को 2.11.23 को IIC – ATL Linkage program of MIC Govt of India की ओर से केंद्रीय विद्यालय 3, जालंधर कैंट से सराहना प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।
- सुश्री रश्मि बिंद्रा को 2.11.23 को IIC – ATL Linkage program of MIC Govt of India की ओर से केंद्रीय विद्यालय 2 जालंधर कैंट से सराहना प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।
- सुश्री ऋतु को 2.11.23 को IIC – ATL Linkage program of MIC Govt of India की ओर से केंद्रीय विद्यालय 1 जालंधर कैंट से सराहना प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।
- सुश्री हरप्रीत कौर को 9.9.2023 को दस घंटों के विद्यार्थी सत्र 'कोना कोना शिक्षा' के लिए National Institute of Security Markets की ओर से सराहना प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

कीड़ा विभाग की उपलब्धियां (Achievements of Physical Education Department)

- खुशदीप कौर 4.11.23 से 8.11.23 श्रीनगर में आयोजित 45वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में प्रथम रही।
- खुशदीप कौर ने 25 से 27.12.23 तक औरंगाबाद में आयोजित 14वें फेडरेशन कपनेशनल सॉफ्टबॉल विमेन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता।
- नवदीप कौर ने 25 से 27.12.23 तक औरंगाबाद में आयोजित 14वें फेडरेशन कप नेशनल सॉफ्टबॉल विमेन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता।
- रंजीत कौर ने 30.10.23 से 3.11.23 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में आयोजित North Zone Inter – University Volleyball Women Championship में भाग लिया।
- रमनदीप कौर ने 30.10.23 से 3.11.23 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में आयोजित North Zone Inter – University Volleyball Women Championship में भाग लिया।
- किरण बेदी ने 30.10.23 से 3.11.23 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में आयोजित North Zone Inter – University Volleyball Women Championship में भाग लिया।
- किरणप्रीत कौर ने 30.10.23 से 3.11.23 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में आयोजित North Zone Inter – University Volleyball Women Championship में भाग लिया।
- ज्वाला देवी ने 6.6.23 को NCT ने दिल्ली में आयोजित 66वीं National School of Games हैंडबॉल में भाग लिया।
- कविता ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- नीतिका ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- देवांशी ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- हर्षिता ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थआन प्राप्त किया।
- नेहा ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थआन प्राप्त किया।
- रवीना ने 22.10.23 से 23.10.23 IVY School, Shimla से HP 35 Senior State Softball Championship में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- अनुबीर कौर ने 14-15.10.23 को लुधियाना में 31वीं Senior State Softball Championship में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- कलदीप कौर ने 14-15.10.23 को लुधियाना में 31वीं Senior State Softball Championship में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- देवांशी लूथरा 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।

Scanned with OKEN Scanner

- खुशप्रीत 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- महक 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- रमनदीप कौर 17 से 10.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship तीसरे स्थान पर रही।
- कमलजीत कौर 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- हरप्रीत कौर 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- किरण बेदी 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- रंजित कौर 17 से 19.10.23 तक फरीदकोट से State Level Khed Mela Volleyball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- सीमा 19 - 22.10.23 तक कपूरथला में आयोजित State Level Khed Mela Handball Championship में प्रथम रही।
- प्रिया 19 - 22.10.23 तक कपूरथला में आयोजित State Level Khed Mela Handball Championship में प्रथम रही।
- आशा 19 - 22.10.23 तक कपूरथला में आयोजित State Level Khed Mela Handball Championship में प्रथम रही।
- गीता 18-20.10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- राधा 18 - 20.10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- कु. दवाली प्रजापति 18 - 20.10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- अंकिता 18 - 20.10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- पवनदीप कौर 18 - 20.10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।
- गीता 18 - 20,10.23 को नवांशहर में आयोजित Junior State Level Handball Championship में तीसरे स्थान पर रही।

क्रीड़ा विभाग की ओर से अन्तः कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता (Participation in Inter College Competition by Dept. of Physical Education)

- के एम वी की खो खो टीम ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा 2 - 3 दिसंबर 23 को आयोजित इंटर कॉलेज खो खो चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल जीता। 9 छात्राओं LPU जालंर में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग लिया।
- गुरजीत कौर अमृतसर में 16 से 18.11.23 तक आयोजित शॉर्ट पट खेल में दूसरी बार लगातार गोल्ड मेडल विजेता रही। उसने जालंधर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित ज़िला स्तरीय खेल मेला एथलेटिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।
- 11.11.23 को अमृतसर में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज Taekwondo Championship में निम्नलिखित छात्राएं इस प्रकार विजयी रहीं :-
- शगुन ठाकुर ने Gold, Silver और Bronze Medal जीता।
- मनप्रीत कौर ने Gold और Bronze Medal जीता।
- अमरजीत कौर ने Gold और Bronze medal जीता।
- अमनदीप ने Bronze, सुमन ने Silver और जैस्मीन बस्सी ने Silver medal प्राप्त कर विजय हासिल की।
- 6-7 नवंबर 23 को Dept of Sports, गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज रग्बी चैंपियनशिप में के एम वी की रग्बी टीम ने Bronze Medal जीता।
- 2.10.23 को हिमाचल प्रदेश में 35वें सीनियर स्टेट लेवल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप, जो IVY स्कूल, शिमला में आयोजित की गई, में के एम वी की सॉफ्टबॉल टीम ने Champion Position प्राप्त की।

Scanned with OKEN Scanner

- 12.10.23 को के एम वी की कराटे टीम ने GNDU इंटर कॉलेज कराटे (W) चैंपियनशिप 2023-24 में भाग लिया और विभिन्न वर्गों में अलग-अलग पोजीशन प्राप्त की। इसका वर्णन इस प्रकार हैं :-
- शगुन ठाकुर ने -54 Kg weight category में Silver Medal प्राप्त किया।
- ज्वाला ने -68 kg weight category में Bronze Medal प्राप्त किया।
- कुलदीप कौर ने +68 kg weight category में Bronze Medal प्राप्त किया।

Group Event

KATA Event

KATA Event में शगुन, हर्षिता एवम मनप्रीत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

Group Fight KUMITE Event

- इस इवेंट में शगुन, हर्षिता, मनप्रीत और अमनदीप ने Bronze Medal जीता।
- कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट, Govt Arts and Sports College द्वारा आयोजित जिलास्तरीय Khedan watan Punjab diyan में भाग लिया। टीमों का परिणाम इस प्रकार रहा।
- 21 वर्ष की आयु के नीचे वाली टीम ने Block में और डिस्ट्रिक्ट लेवल वॉलीबॉल में चैंपियन पोज़ीशन प्राप्त की।
- 21 वर्ष की आयु के नीचे वाली टीम ने Block में और डिस्ट्रिक्ट लेवल हैंडबॉल में चैंपियन पोज़ीशन प्राप्त की।
- 21 वर्ष की आयु के नीचे वाली टीम ने Block में और डिस्ट्रिक्ट लेवल खो-खो में चैंपियन पोज़ीशन प्राप्त की।

वार्षिक एथलेटिक मीट - ट्रेलब्लेजर 24 (Annual Athletic Meet - Trailblazer 24) :

भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महाविद्यालय, जालन्धर में एनुअल एथलेटिक मीट - ट्रेलब्लेजर 24 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष विद्यालय में आयोजित होने वाले इस वार्षिक खेल उत्सव में मेंबर पार्लियामेंट, श्री सुशील कुमार रिंकू मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अर्जुन एवं महाराजा रणजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित सुप्रसिद्ध बास्केटबॉल खिलाड़ी स. सज्जन सिंह चीमा तथा डॉ. सतपाल गुप्ता, सदस्य, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी ने बतौर विशेष अतिथि इस अवसर पर सहभागिता की। मुख्यातिथि महोदय के सम्मान में के.एम.वी. का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाने वाली खिलाड़ी छात्राओं तथा एन.सी.सी. कैडेट्स ने मार्च पास्ट निकाला और मुख्यातिथि महोदय को सलामी दी। ध्वजारोहण एवं खेल में विजय भावना की प्रतीक मशाल को रोशन करने के साथ आरंभ हुई इस एथलीट मीट के दौरान विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी संबोधन में बताया कि कन्या महा विद्यालय की खिलाड़ी छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल की हैं जिस पर हम सभी को अत्यधिक गौरव है। विद्यालय के द्वारा खिलाड़ी छात्राओं को प्रदान की जाती अत्यधिक सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कन्या महा विद्यालय आगामी समय में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं की विभिन्न खेलों में प्रतिभागिता एवं शानदार प्रदर्शन की बेमिसाल रवायत को जारी रखने के लिए प्रयासरत रहेगा। मुख्यातिथि श्री सुशील रिंकू ने इस अवसर पर संबोधित होते हुए कन्या महा विद्यालय को पंजाब का गौरव बताया और साथ ही स्त्री शिक्षा और सशक्तीकरण में कन्या महा विद्यालय की ऐतिहासिक एवं सराहनीय भूमिका का उल्लेख किया और कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर के.एम.वी. की खिलाड़ियों की उपलब्धियां शुरुआत भर हैं उन्हें अभी और आगे जाना है। इसके साथ ही छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यातिथि महोदय ने कहा कि खेल का मैदान हमें हार को जीत में बदलने की सीख देता है जो खिलाड़ी इस हुनर को सीख लेता है वो जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति करता है। उच्च शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कन्या महा विद्यालय के बेमिसाल योगदान को देखते हुए मुख्य मेहमान के द्वारा संस्था को विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की धनराशि देने का ऐलान भी इस अवसर पर किया गया। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर श्री सज्जन सिंह चीमा ने खेल भावना और कड़ी मेहनत को जीत का माध्यम बताते हुए कहा कि संकल्प दृढ़ हो तो कुछ भी असम्भव नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने कन्या महा विद्यालय की खिलाड़ी छात्रों के द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ संस्था के नाम को सदा ऊंचा करने वाली सभी छात्राओं को मुबारकबाद दी तथा साथ ही के.एम.वी. की ओर से खेलों के क्षेत्र में निभाई जा रही सकारात्मक भूमिका की भी सराहना की। डॉ. सतपाल गुप्ता ने के.एम.वी. की खेल उपलब्धियों पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त करते हुए आशा ज़ाहिर की कि विद्यालय इस क्षेत्र में उपलब्धि के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

Scanned with OKEN Scanner

ट्रेलब्लेजर-24 में 50, 100, 200 तथा 400 मी.की दौड़, शार्टपट, लांग जम्प, स्पून एंड पटेटो रेस, सैक रेस, नीडल एंड थ्रेड रेस, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर्स इत्यादि का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्लेयर्स तथा नॉन प्लेयर्स के साथ-साथ प्राध्यापकों ने भी पूरे उत्साह और उल्लास से भाग लेते हुए खेल भावना का प्रदर्शन किया। 100 मीटर रेस के नॉन प्लेयर्स श्रेणी में से लवप्रीत कौर पहले, इशव दूसरे तथा तनीषा कुमारी तीसरे स्थान पर रही जबकि प्लेयर्स श्रेणी में से जसप्रीत कौर ने पहला, संजना शर्मा ने दूसरा एवं देवांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। थ्री लेग ग्रेस नॉन प्लेयर्स वर्ग के अंतर्गत निधि एवं सलोनी पहले, रविंद्र एवं सिमरन दूसरे तथा परनीत एवं कृतिका तीसरे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही 200 मीटर रेस में से नॉन प्लेयर्स वर्ग के अंतर्गत लवप्रीत कौर पहले, तनीषा कुमारी दूसरे एवं महक तीसरे स्थान पर रही जबकि प्लेयर्स वर्ग में से जसप्रीत ने पहला, निशा ने दूसरा एवं देवांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता के नॉन प्लेयर्स वर्ग में से प्रीति ने पहला, संदीप ने दूसरा एवं वितिका ने तीसरा स्थान हासिल किया तथा प्लेयर्स वर्ग में से दिलजीत पहले, दिलप्रीत दूसरे एवं निशा तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा सेक रेस की नॉन प्लेयर्स श्रेणी में से सायरा ने पहला, सुखमनप्रीत ने दूसरा एवं हरमनप्रीत ने तीसरा स्थान हासिल किया। शॉटपट में से रितिका पहले, लवप्रीत दूसरे एवं रविंद्र तीसरे स्थान पर रही। नीडल एंड थ्रेड प्रतियोगिता में से लवप्रीत कौर ने पहला, प्रीति ने दूसरा तथा अमीषा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही प्लेयर्स वर्ग के लिए आयोजित 400 मीटर की दौड़ में से जसप्रीत पहले, संजना दूसरे एवं रिया तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा महिला स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित 50 मीटर दौड़ में से अमनदीप कौर ने पहला, सतिंदर कौर ने दूसरा तथा सरोजिनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इन प्रतियोगिताओं में से नॉन प्लेयर्स श्रेणी के अंतर्गत लवप्रीत कौर को तथा प्लेयर्स श्रेणी के अंतर्गत जसप्रीत कौर को बेस्ट एथलीट चुना गया। प्राचार्या महोदया ने सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए के.एम.वी. के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित करने के साथ-साथ इस सफल आयोजन के लिए डॉ. देवेंद्र सिंह, अध्यक्ष, फिज़िकल एजुकेशन विभाग तथा समूह आयोजक मंडल के द्वारा किए गए प्रयत्नों की प्रशंसा की।

राष्ट्रीय स्पोर्ट्स डे (National Sports Day) :

कन्या महाविद्यालय ने 29.8.2023 को राष्ट्रीय स्पोर्ट्स डे बहुत उमंग और उत्साह से मनाया। क्रीड़ा विभाग ने इस अवसर पर फ्रेंडली वॉलीबॉल मैच खेला गया जिसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पर्यावरण संबंधी गतिविधियां (Environmental Activities) :

कन्या महाविद्यालय का पर्यावरण विभाग अपने कर्तव्य के प्रति बहुत सचेत है। इस विभाग की ओर से अनेक ऐसी गतिविधियां समय-समय पर करवाई जाती है कि जिससे हमारा वातावरण साफ रहे। छात्राएं प्राकृतिक रूप से स्वच्छ वातावरण में रह कर विद्यार्जन कर सकें। सम्पूर्ण महाविद्यालय इस दिशा में अग्रसर है। इस विभाग द्वारा सम्पन्न गतिविधियां का विवरण इस प्रकार हैं :-

- 11 अगस्त 23 को जुओलोजी विभाग की ओर से Best out of waste competition करवाया गया। छात्राओं में पुरानी वस्तुओं से कुछ नया बनाने का दृष्टिकोण पैदा करने के लिए यह गतिविधि करवाई गई। इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया।
- 18 अगस्त 2023 को जुओलोजी विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान (Plantation drive) किया गया जिसमें मेडिकल, नॉन मेडिकल, बी बी ए, बी सी ए, बी कॉम, बी एस सी (ऑनर्स) मैथ्स की 100 छात्राओं ने भाग लिया। पर्यावरण की रक्षा के लिए उठाए गए इस कदम के लिए संस्था की प्राचार्या ने बहुत प्रशंसा की।
- 16.10.23 को पर्यावरण विभाग तथा जुओलोजी विभाग की ओर से समन्वित रूप से विश्व ओज़ोन दिवस मनाया गया। इस दिन 'Montreal Protocol : fixing the ozone layer and reducing climate change' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

गांधीयन स्टडीज सेंटर (Gandhian Studies Center) :

वर्षों से कॉलेज में गांधीयन स्टडीज सेंटर की स्थापना हो चुकी है। इस केंद्र के अंतर्गत अनेक सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्य किए जाते हैं। इस वर्ष किए गए कार्यों का विवरण इस प्रकार है :

- 6 जून 23 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस केंद्र की ओर से छात्राओं का Face Painting Competition करवाया गया। इस प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर 9 प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

- 6 जून 23 को ही इस केंद्र की ओर से एक नुक्कड़ नाटक खेला गया को Ecosystem Restoration पर आधारित था। इस अवसर पर Student welfare Department, Dept of Environment Science , Dept of Fashion Designing एवम इतिहास विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं ने हिस्सा लिया। 15 छात्राओं ने इस नाटक में भाग लिया।
- 6 जून 23 को History, Student Welfare और FD विभाग की ओर से पौधारोपण अभियान शुरू करवाया गया। इस अभियान में अलग-अलग स्थलों पर 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।
- 27 से 30 जुलाई 23 को पंजाब के विविध स्थाओं पर आई बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए, पंजाब के बाढ़पीड़ित क्षेत्रों में जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए कन्या महाविद्यालय की भूमिका उल्लेखनीय है। बहुत अधिक संख्या में प्राध्यापक ,छात्राएं और स्टाफ ने आगे कदम बढ़ाया और अनेक प्रकार के सामानों - जूते, कपड़े, साबुन, बेड शीट्स, सैनिटरी नैपकिन्स, बेबी डाइपर्स, टूथपेस्ट, ब्रश, कंघियां और अनेक महत्वपूर्ण चीज़ें प्रदान कीं।
- कन्या महाविद्यालय में कॉलेज गेट के साथ ही एक एंपैथी कॉर्नर की स्थापना 1 सितंबर 2003 को हुई। छात्राओं को समाज के प्रति अपने कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को समझने के उद्देश्य से इस कॉर्नर की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे लाना हैं। छात्राएं एंपैथी कॉर्नर के माध्यम से गरीब लोगों को कपड़े, खाने की विविध वस्तुएं, कापियां, किताबें आदि प्रदान किए जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं के मन में दूसरों के प्रति उत्तरदायित्व एवम सहानुभूति पैदा करना है।
- 16 सितंबर 23 को Dept of Student Welfare और Collegiate School की ओर से गांधीयन स्टडीज सेंटर के साथ मिलकर World Ozone Day मनाया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं ने अनेक पौधे रोपे और पूर्व वृक्षों को पालने का प्रण लिया। इस संबंध में समाज को Ozone Layer के प्रति जागरूक करने के लिए एक जागृति यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर छात्राओं ने बहुत सुंदर एवं सार्थक पोस्टर भी बनाए।
- 15 दिसंबर 23 को गांधीयन स्टडीज सेंटर और हिंदी विभाग के प्राध्यापकों और छात्राओं ने पहला कदम 'फ्री स्कूल' का दौरा किया और वहां बच्चों में स्टेशनरी तथा खाने पीने की वस्तुओं का वितरण किया।
- महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्राओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह संस्था 4000 से अधिक छात्राओं को समर्थ और सशक्त बना चुकी है। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. डा. अतिमा शर्मा व इतिहास विभाग ने गांधी जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या जी ने छात्राओं को गांधी जी के जीवन से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया।
- महिला सशक्तीकरण सैल की ओर से आर्थिक रूप से समाज के पिछड़े वर्ग की लड़कियों और महिलाओं के लिए कुछ वोकेशनल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 50 से अधिक छात्राओं और साथ लगते गांवों - रेरू, ब्यास, रंधावा मसंदा और हजारा की महिलाओं के लिए निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर और कॉस्मेटोलॉजी के कोर्स का प्रबंध किया गया।

कुल मिलाकर के एम वी के गांधीयन स्टडीज सेंटर का समाज के कल्याण में विशेष योगदान है। आज भी यह महाविद्यालय का यह केंद्र समाज में निम्न वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सर्टिफिकेट कोर्सेज (Certificate Courses and Short Term Courses) :

- सुश्री चेतना ने 22.10.23 को Malviya Mission Teacher Training Program शॉर्ट टर्म कोर्स संपत्र किया।
- सुश्री चेतना ने अक्टूबर 23 को Market Research पर शॉर्ट टर्म कोर्स संपत्र किया।
- सुश्री राजबीर कौर ने 22 अक्टूबर 23 को Malviya Mission Teacher Training program में शॉर्ट टर्म कोर्स संपन्न किया।
- सुश्री राजबीर कौर ने अक्टूबर 23 को Market Research पर शार्ट टर्म कोर्स संपन्न किया।
- सुश्री प्रिया ने 22.10.23 को Malviya Mission Teacher Training program शॉर्ट टर्म कोर्स संपन्न किया।
- सुश्री प्रिया ने सितंबर 23 को Human Resourse Management पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स संपन्न किया।
- सुश्री प्रिया ने अक्टूबर 23 को Project Management पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स संपन्न किया।
- सुश्री लक्ष्मी मिश्रा ने 22.10.23 को Malaviya Mission Teacher Training Program लगाया।
- सुश्री लक्ष्मी मिश्रा ने सितंबर 23 को Human Resource Management पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स लगाया।

Scanned with OKEN Scanner

- सुश्री लक्ष्मी मिश्रा ने अक्टूबर 23 को Chart GPT for marketing विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स लगाया।
- सुश्री लक्ष्मी मिश्रा ने अक्टूबर 23 को Market Research विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स लगाया।
- सुश्री काशी शर्मा ने 22.10.23 को Malaviya Mission Teacher Training Program लगाया।
- सुश्री काशी शर्मा ने सितंबर 23 को Consumer Relationship Management पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स लगाया।
- सुश्री काशी शर्मा ने नवम्बर 23 को Instagram Marketing Fundamentals पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स लगाया।

वैदिक मैथमेटिक्स ओलंपियाड (Vedic Mathematics Olympiad) व संस्कृत का सर्टीफिकेट कोर्स :

- 25.11.23 को गणित विभाग की 4 छात्राओं - अमनप्रीत कौर, सेजलप्रीत, सुहानी तथा दविंदर कौर ने Institute फॉर द Advancement of Vedic Mathematics UK से Certificate course in Vedic Mathematics संपन्न किया।
- संस्कृत विभाग की ओर से Certificate Course in Sanskrit Language में प्रारंभ किया गया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने विशेष रूप से इस कोर्स के लिए एक संस्कृत अध्यापक नियुक्त किया। 78 छात्राओं ने इस कोर्स में प्रवेश किया।

परियोजना के लिए सरकारी और गैर सरकारी ग्रांट (Government and Non-Government grant received for projects) :

- केमिस्ट्री की प्राध्यापिका टैंक सिंदरपाल एवम उनकी दो छात्राओं को Sterculia based Magnetic Hydrogel Matrix for Adsorptive Removal of dyes from Aqueous Solutions Project पर एक लाख दस हजार रुपए की गैर सरकारी ग्रांट प्राप्त हुई।
- केमिस्ट्री विभाग की तीन प्राध्यापिकाओं - डॉ. नरिंदरजीत कौर, सुश्री आस्था पलटा, सुश्री महक और 2 छात्राओं को Green Synthesis of Carbon dots from Citrus Peels and its Application in Sensing पर एक लाख दस हजार रुपए की गैर सरकारी ग्रांट प्राप्त हुई।

एम ओ यू / लिंकेज (MOU / Linkages Signed) :

- कन्या महाविद्यालय जालंधर का 2022 से लेकर 2024 तक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के साथ MOU sign किया गया। अन्य MoU's व Linkages वर्णन इस प्रकार है :
  1. डिजिटल अड्डा MoU
  2. रैमको इंटरनेशनल MoU
  3. Chivas Travel Pvt Ltd MoU
  4. Itronix Solutions MoU
  5. Investment Groomers MoU
  6. Marketing Groomers MoU
  7. Pantaloons linkage
  8. Kapsons linkage
  9. Metro linkage
  10. Shopper's Stop linkage
  11. Tanishq (A Tata Product) linkage

मूक्स कोर्स (MOOCS Course) :

- साइकोलॉजी विभाग से डॉ. शरणजीत कौर UGC SWAYAM से Psychological Research में Four Credit MOOCS की Course Coordinator हैं।
- साइकोलॉजी विभाग से डॉ. शरणजीत कौर UGC SWAYAM से Psychological Research में Four Credit MOOCS के 21 modules की Subject matter Expert हैं।

Scanned with OKEN Scanner

इंडक्शन प्रोग्राम/ओरिएंटेशन प्रोग्राम/रिफ्रेशर कोर्स (Induction Programme / Orientation Programme / Refresher Course) :

- फिलासफी विभाग से डॉ. एकता सैनी ने गुरू अंगद देव टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा SGTB Khalsa College University of Delhi में पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के अधीन Teachers and Teaching of Ministry of Education द्वारा लगाए गए One month online National Faculty Induction Programme लगाया।

तीयां दा त्यौहार (Festival of Teej) :

पंजाबी विभाग की ओर से 4.11.2023 को 'सावन महीना : दिन तीयाँ दे' विषय पर मिला लगाया गया। छात्राओं ने इसमें बड़े जोश से भाग लिया। इस मेले में अनेक स्टॉल भी लगाए गए और छात्राओं ने झूले का आनंद भी लिया। विद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा ने अतिथियों के साथ मेले का बहुत आनंद लिया व छात्राओं एवं अध्यापकों को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन (Power Point Presentation) :

- बी वॉक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साईंस विभाग की ओर से Introduction to Powerpoint विषय पर पीपीटी प्रेजेंटेशन करवाई गई।
- 26.3.23 को सुश्री डिंपल ने इस कार्यशाला का संचालन किया।
- बी वॉक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साईंस विभाग की ओर से 30.3.23 को पावर प्वॉइंट प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्राओं ने बहुत उत्साह से भाग लिया।

छात्राओं की उपलब्धियां (Achievements of students) :

- बायोटेक्नोलॉजी विभाग की छात्राएं गुरसिमरन खोसला, सलोनी और रचिता कांजीलाल ने 10.10.23 को Inter College Business Competition में तृतीय स्थान और 2100/- रुपए जीते।
- फिजिक्स विभाग की 4 छात्राओं ने 10वी IAPT National Student Symposium in Physics जो कि पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में हुई, में 27 से 29 अक्तूबर 23 को भाग लिया एवम शानदार प्रदर्शन किया।
- 6 से 10 नवंबर 23 तक फिजिक्स विभाग की पोस्ट ग्रेजुएट छात्राओं ने 28वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। यह कॉन्फ्रेंस Nuclear Tracks and Radiation Measurements विषय पर आधारित थी।
- बी ए सेमेस्टर 6 की छात्रा कु. अनुष्का को कन्या महा विद्यालय जालंधर की ओर से Best Student Award प्रदान कर सम्मानित किया गया।

छात्राओं का द्वारा लगाए गए कोर्स (Courses by Students) :

- रिटेल मैनेजमेंट विभाग की 30 छात्राओं ने Fundamentals of Management कोर्स सम्पन्न किया।
- रिटेल मैनेजमेंट विभाग की 16 छात्राओं ने HRM कोर्स सम्पन्न किया।
- रिटेल मैनेजमेंट विभाग की 07 छात्राओं ने Customer Relationship Management कोर्स सम्पन्न किया।
- रिटेल मैनेजमेंट विभाग की 07 छात्राओं ने Chat GPT for Marketing कोर्स सम्पन्न किया।
- रिटेल मैनेजमेंट विभाग की 13 छात्राओं ने Market Research कोर्स सम्पन्न किया।

अमर ज्योति समारोह (Amar Jyoti) :

विरासत एवं स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय,जालंधर में इस अकादमिक सत्र में शिक्षा पूर्ण करने वाली छात्राओं के लिए विदाई समारोह *अमरज्योति* का आयोजन किया गया। पवित्रता और सादगी की छाप छोड़ने वाला यह समारोह विद्यालय की गौरवशाली परम्परा का अभिन्न हिस्सा है । आज के इस महत्वपूर्ण समारोह में श्रीमती नीरजा मोहन (वरिष्ठ सदस्या ,प्रबंधकर्तृ सभा) मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। समारोह की अध्यक्षता डॉ. कमल गुप्ता ने की। डॉ.(श्रीमती) सुषमा चावला (उपाध्यक्ष, कन्या महाविद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा)डॉ. सुषमा चोपड़ा(सेक्रेटरी,कन्या महाविद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा), श्रीमती सुशीला भगत (वरिष्ठ सदस्य, विद्यालय

Scanned with OKEN Scanner

प्रबंधकर्तृ सभा) श्रीमती नीरू कपूर (सदस्य कन्या महाविद्यालय प्रबंधकर्तृ सभा) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। ज्योति प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. श्रीमती अतिमा शर्मा द्विवेदी ने अमरज्योति समारोह में सभी आमंत्रित अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा है कि विद्यालय की परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा यह समारोह आधुनिकता और परंपरा का का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने वाली संस्था के आदर्श एवं उद्देश्य के अनुकूल है । प्रगतिशील शिक्षा, संस्कृति, भारतीयता और नारी शिक्षा का केंद्र कन्या महाविद्यालय की ऐतिहासिक भूमि को नमन करते हुए सभी विदा लेने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं देते माननीया प्राचार्या जी ने कहा कि इस संस्था में सुशिक्षित और दीक्षित होकर आप अपने संतुलित व्यवहार और ज्ञान से अपने परिवार और समाज के उत्थान में सहायक हों और जीवन मे निरंतर सफ़लता के उच्च शिखरों को छुएं ।

इसके पश्चात सभी छात्राओं ने इस अवसर पर गाए जाने वाले परंपरागत गीतों 'नमो देश भूमि नमस्ते नमस्ते' तथा 'जय जय जननी जय जय माता' के द्वारा अपने देश और विद्यालय के प्रति अपनी भावनाओं को भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी। इसके पश्चात इस वर्ष विद्यालय से विदा लेने वाली छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों को भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी।

शिक्षा सम्पूर्ण करने वाली छत्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए सम्पूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्या महोदया प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी जी ने सभी छात्राओं को आशीष तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया।।

इसी क्रम में इस अकादमिक सत्र में नैतिक शिक्षा (मॉरल एजुकेशन) की विशेष कक्षाएं लेने वाले सभी प्राध्यापकों डॉ. मधुमीत (अध्यक्षा, अंग्रेज़ी विभाग) डॉ. गुरजोत कौर (अध्यक्षा, इतिहास विभाग), डॉ. अमरजोत (प्राध्यापिका, फैशन डिजाइनिंग विभा) डॉ. रूपिका शर्मा, डॉ. अनुशोभा (हिंदी विभाग), डॉ. एकता सैनी (दर्शन शास्त्र विभाग) को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों, प्राध्यापकों श्री सहजपाल (जे. एम. सी विभाग) सुश्री तरनदीप (होम साइंस विभाग), सुश्री गुरप्रीत (अंग्रेज़ी विभाग) तथा अन्य स्टाफ़ सदस्यों श्री मनोज शर्मा, श्री सोनू को भी विद्यालय की ओर से उनकी सहयोग भावना के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधक कमेटी की वरिष्ठ सदस्या आदरणीय श्रीमती सुशीला भगत ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि के.एम .वी से प्राप्त शिक्षा और जीवन मूल्यों के अनुरूप आचरण करते हुए परिवार, समाज और सम्पूर्ण विश्व के कल्याण में योगदान दें। उन्होंने छात्राओं अपने मन और शरीर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हुए उनके सफ़ल और सुखद भविष्य के लिए अगणित शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आरंभ 'वंदे मातरम' के गायन और समापन 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत के साथ हुआ।

शैक्षिक यात्राओं का आयोजन (Educational Trips organised) :

- टेक्सटाइल डिजाइन और अपेरल टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से 17 नवंबर 2023 को 60 छात्राओं को नकोदर में राज धूरी ले जाया गया।
- पंजाबी विभाग की ओर से 15.11.2023 को 40 छात्राओं को अमृतसर ले जाया गया। वहां उन्हें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के पंजाबी विभाग, जलियांवाला बाग, स्वर्ण मंदिर और दुर्गियाना मंदिर में दर्शनार्थ ले जाया गया।
- होम साइंस विभाग की ओर से 2.9.23 को 25 छात्राओं को PGIMER, चंडीगढ़ ले जाया गया।
- 9.11.23 को बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से 35 छात्राओं को Sardar Swaran Singh National Institute of Bio Energy, Kapurthala ले जाया गया।
- 7.10.23 को एनीमेशन विभाग द्वारा 6 विद्यार्थियों को Arora Eye Hospital and Retina Centre ले जाया गया।
- 2.11.23 को एनीमेशन विभाग की ओर से 18 छात्राओं को एनीमेशन मूवी दिखाने और रिव्यू करने के लिए Sarb Multiplex ले जाया गया।
- 2.11.23 को बॉटनी विभाग की ओर से छात्राओं को Crop Improvement Museum and Dr Uppal Museum, Panjab Agriculture University, Ludhiana ले जाया गया।
- 18 अक्टूबर 23 नगर निगम के सौजन्य एफ डी विभाग से 33 छात्राओं को Dakoha MRF ले जाया गया। वहां छात्राओं ने बेकार की वस्तुओं का नया निर्माण करना सीखा।

Scanned with OKEN Scanner

- 18 अक्तूबर 23 को एफ डी विभाग द्वारा बी एस सी एफ डी V और बी वॉक V सेमेस्टर की छात्राओं को Jay Dee Leather Pvt Ltd. 28 – 2 Leather Complex Kapurthala Road, Jalandhar. ले जाया गया।
- 18.8.23 को केमिस्ट्री विभाग की ओर से 62 छात्राओं को साईंस सिटी कपूरथला ले जाया गया।
- 14.10.23 को केमिस्ट्री विभाग की ओर से 18 छात्राओं को NIT जालंधर ले कर जाया गया।
- 18 अक्तूबर 23 को केमिस्ट्री विभाग की ओर से 50 छात्राओं को पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना ले जाया गया।
- एफ डी विभाग की ओर से नगर निगम जालंधर के सौजन्य से 18 अक्तूबर को 41 छात्राओं को MRF दकोहा ले जाया गया।
- 18 अक्तूबर 23 को एफ डी विभाग की ओर से बी एस सी एफ डी और बी वॉक की 31 छात्राओं को Jay Dee Leather Pvt Ltd. 28 – 2 Leather Complex Kapurthala Road ले जाया गया।
- होम साईंस विभाग की ओर से 28.02.2024 को चानन एसोसिएशन ले जाया गया जहां छात्राओं ने विशेष बच्चों का लगातार ध्यान रखने का प्रशिक्षण लिया।
- 9.3.24 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा 25 छात्राओं को शैक्षिक यात्रा के लिए अमृतसर में 'साडा पिंड' व 'द मॉल' ल जाया गया।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह (Annual Prize Distribution) :

विरासत एवं स्वायत्त संस्था कन्या महाविद्यालय ,जालंधर के देवराज सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.उमेश कुमार शर्मा, साइंटिस्ट एफ, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (भारत सरकार) मुख्यातिथि के रूप में सहभागी हुए। श्री चंद्रमोहन (अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मंडल) ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कर्तृ सभा के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्या श्रीमती सुशीला भगत, श्रीमती शिव मित्तल, श्री कुंदन लाल अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य, आर्य शिक्षा मंडल, ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। विद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. आतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पित अभिनंदन किया। ज्योति प्रज्वलन और विद्यालय की छात्रा द्वारा शिव स्तुति पर नृत्य प्रस्तुति के पश्चात के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या महोदया ने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय प्रबंधक कमेटी के कुशल मार्गदर्शन में के. एम. वी उच्च शिक्षा में नए आयामों की ओर निरंतर सफलतापूर्वक बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विरासत एवं स्वायत्त स्टेटस, 'क्यूरी' और 'फिस्ट' जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठित अनुदान, टाइम्स ऑफ इंडिया तथा ऑउटलुक मैगज़ीन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में प्रथम पंक्ति की अग्रणी संस्था संस्था के रूप में मान्यता, वैश्विक मानदंडों और चुनौतियों के मद्देनजर नवीन अकादमिक और परीक्षा प्रणाली में किए गए सुधार, निःशुल्क वैल्यू एडिड प्रोग्राम, उल्लेखनीय राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय अनुबंध, संस्कृत और विदेशी भाषा शिक्षण की व्यवस्था के साथ सीड मनी द्वारा उत्कृष्ट शोध को प्रोत्साहन, विभिन्न कक्षाओं में चॉइस बेस्ड पाठ्यक्रमों की शुरुआत और अन्य बहुत से सार्थक अकादमिक प्रयास इस बात का प्रमाण है कि के. एम. वी नई शिक्षा नीति के द्वारा दिए गए सुझावों की दिशा में उसकी प्रस्तावना के कई वर्ष पहले से ही सार्थक एवं सफलता पूर्वक प्रयत्न शील है। प्राचार्या महोदया ने आज के पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों के लिए मुबारकबाद देते हुए उन्हें उज्ज्वल और प्रशस्त भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस समारोह के दौरान विगत 2023-24 अकादमिक सत्र में अकादमिक, सह अकादमिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, युवा महोत्सव, खेल प्रतियोगिताओं, एवं अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत तथा सम्मानित किया गया। इसी के साथ नियमित पुस्तकालय जाने वाली छात्राओं, कक्षा में 100% हाजिरी, सर्वोत्तम आंत्रप्रेन्योर, मौलिक रचनात्मकता (अवार्ड फ़ॉर इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी), कुशल नेतृत्व क्षमता (अवार्ड फ़ॉर लीडरशिप एंड इनिशिएटिव), सर्वोत्तम एन. सी. सी कैडेट, सर्वोत्तम समाज सेवक, सर्वोत्तम मॉडल और सर्वोत्तम डिज़ाइनर इत्यादि श्रेणियों के अंतर्गत भी छात्राओं को उनकी योग्यता, आत्मविश्वास, प्रतिबद्धता एवं उनकी कार्यकुशलता के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री विनाक्षी को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड के साथ अवार्ड फ़ॉर बेस्ट कैडेट इन एन. सी. सी से सम्मानित किया गया। कु. सिमरजीत कौर को हेड गर्ल के रूप में उनके कार्यों के साथ साथ अकादमिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री जसवीर, सोनिया, बलप्रीत कौर, वनिता प्रांजलि को बेस्ट इन ई. सी. ए, चंचला रानी, कीर्ति शर्मा को क्रिएटिव राइटिंग श्रेणी में हर्षिता, अंकिता को बेस्ट स्पीकर ऑफ द ईयर, हरमनप्रीत, बीनू कुमारी को बेस्ट इन साइंस, पवनप्रीत, जसप्रीत कौर, प्रीति, खुशी जैन, दपिन्दर को एक्सीलेंस अवार्ड इन कॉमर्स, नवनीत मनदीप कौर मुल्तानी, जसकरणदीप, और अनुष्का को अवार्ड फ़ॉर एक्सीलेंस इन कंप्यूटर साइंस श्रेणियों के अंतर्गत पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स विभाग की गतिविधियों एवं खिलाड़ी छात्राओं की उपलब्धियों पर आधारित 'स्पोर्ट्स न्यूज़ लाइन' और सह अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर आधारित ई.सी. ए न्यूज़ लाइन 'द यूथ पल्स' का विमोचन भी किया। समारोह के अध्यक्ष महोदय आदरणीय श्री चंद्रमोहन जी ने अपने संबोधन सभी पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों को मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज़ादी के पश्चात निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है आज भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था है, ए. आई, और वैज्ञानिक उन्नति के नए आयाम हमारे जीवन की गति और व्यवहार को बदल रहे हैं। किंतु अभी देश में ज़मीनी स्तर पर बहुत से परिवर्तन होने शेष और आवश्यक हैं अत: विविध क्षेत्रों में उपलब्धियों प्राप्त करने वाली छात्राओं को अकादमिक क्षेत्र के साथ साथ समसामयिक सामाजिक तथा वैश्विक परिवेश के प्रति भी जागरूक रहना है जिससे वह अपनी शिक्षा और जागरूकता से समाज निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकें। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें आज डॉ. उमेश शर्मा जैसे वरिष्ठ वैज्ञानिक और शिक्षाविद के हाथों से पुरस्कृत होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

आदरणीय मुख्यातिथि महोदय ने अपने संबोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का स्वप्न युवा विद्यार्थियों की सहभागिता के बिना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि देश और समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हम समाज के जिस भी क्षेत्र में हैं जिस भी पद पर हैं यदि वहीं रहते हुए ईमानदारी, प्रतिबद्धता और अनुशासन और परिश्रम से कार्य करें। माननीय मुख्यातिथि महोदय ने जोर देकर कहा कि देश के विकास की गति को तीव्रगामी बनाने के लिए आवश्यक है कि साइंस को समाज तक लाया जाए। उन्होंने भारत सरकार के विज्ञान और तकनीक मंत्रालयों की विभिन्न शोध परियोजना से जुड़कर देश और समाज के विकास का हिस्सा बनने के लिए सभी छात्राओं को प्रेरित किया।

पी. जी डिपार्टमेंट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के द्वारा प्रस्तुत की गई सितार वादन और 'उपलब्धियों का बसंत' नृत्य प्रस्तुति ने सबको संगीत की सुगंध से सराबोर कर दिया।

आभार :

अन्त में मैं विद्यालय प्रबन्धकर्तृ सभा के अध्यक्ष माननीय श्री चन्द्रमोहन जी का, महासचिव आदरणीय श्री आलोक सोंधी जी का, श्रीमती सुषमा चावला जी, श्रीमती सुषमा चोपड़ा जी, श्री ध्रुव मित्तल जी व अन्य माननीय सदस्यवृन्द के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। आप सभी के सहयोग व आशीष से ही यह संस्था इन ऊंचाइयों तक पहुंची है। भविष्य में यह कभी पीछे मुड़ न देखें, निरन्तर आगे बढ़ते रहें और आप सभी का सदा सहयोग बना रहे। संस्था दिन-प्रतिदिन उन्नति करे, नए आयाम स्थापित करे। यही मेरी कामना है। आत्मीय आभार सहित।

शुभाकांक्षी
प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा
(प्राचार्या)

दिनांक : 23.06.2024

Scanned with OKEN Scanner